हरिभूमि
# बिलासपुर भूमि
बिलासपुर, शनिवार 13 दिसंबर 2025

तापमान
अधिकतम 28.8 डिग्री
न्यूनतम 10.4 डिग्री


कोनी मुख्य मार्ग पर किया जा रहा डामरीकरण।



## खबर संक्षेप

### महाराष्ट्र मंडल परिसर में हिंदू सम्मेलन आज

**बिलासपुर।** हिंदू सम्मेलन आयोजन समिति द्वारा 13 दिसंबर को दोपहर 3 बजे से पारिजात कॉलोनी महाराष्ट्र मंडल परिसर में हिंदू सम्मेलन का आयोजन किया गया है। आयोजन में अतिथि एवं मुख्य वक्ता गणेश राम साहू, दिलीप दिवाकर पात्रीकर एवं नीलांबरी दवे होंगे। यह सम्मेलन पारिजात कॉलनी, पारिजात एक्स्टेंशन, पारिजात शीला,पत्रकार कॉलनी, श्री राम विहार कॉलनी, गणेश हाईट, ओम रेसिडेन्सी, गीतांजली ऐनक्लेव, पारिजात केसल, महिमा विहार, मगध नगर, अयोध्या नगर, देवेंद्र नगर, बाबजी पार्क, स्वर्ण जयंती नगर, अरिहंत हाइट के रहवासियो का संयुक्त आयोजन है।

### आईटीआई कोनी में प्लेसमेंट कैम्प 16 को

**बिलासपुर।** आदर्श औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था कोनी में सुजुकी मोटर्स गुजरात प्राइवेट लिमिटेड द्वारा 16 दिसंबर को प्लेसमेंट कैंप का आयोजन किया जा रहा है। इस कैंप में भाग लेने 10वीं में न्यूनतम 40 प्रतिशत तथा आईटीआई में विभिन्न व्यवसाय मोटर मैकेनिक व्हीकल, मैकेनिक डीजल, ट्रैक्टर मैकेनिक, मशीनिस्ट, फिटर, इलेक्ट्रिशियन, वेल्डर, टर्नर, पेंटर, वायरमैन, टूल एंड डाई, शीट मेटल, इलेक्ट्रॉनिक मैकेनिक, पीपीओ, सीओई (ऑटोमोबाइल) में न्यूनतम 50 प्रतिशत अनिवार्य है। केवल 18 से 26 वर्ष के पुरुष अभ्यर्थी आवेदन कर सकेंगे। चयनित अभ्यर्थियों को एफटीसी में 25 हजार 300 रुपए वेतन तथा अप्रेंटिस में 19 हजार 500 रुपए सहित अन्य लाभ प्रदान किए जाएंगे।

## वन विभाग की टीम 10 दिन से कर रही निगरानी

# हाथी के हमले से एक महिला की मौत, दो की हालत गंभीर

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

सीपत वन परिक्षेत्र में हाथी का लोकेशन लिम्हा गांव में है, जहां हाथी के हमले से एक महिला की मौत हो गई है और तीन गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। घायलों को उपचार के लिए सिम्स और निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। वहीं हाथी पर वन विभाग बिलासपुर की टीम पिछले 10 दिन से निगरानी करने के साथ गांव में मुनादी भी करा रही है।

बिलासपुर वन मंडल के सीपत और बेलतरा वन परिक्षेत्र में एक हाथी पिछले 8-10 दिन से विचरण कर रहा है। वन विभाग की ओर से हाथी का बिलासपुर वन मंडल के सीपत में आगमन बिल्हा और ठरकपुर से हुआ है, जिसकी सूचना मिलने के बाद से लगातार निगरानी की जा रही है। सीपत से तीन किलोमीटर दूर पर नरगोड़ा गांव में किशोर हाथी के आने से पूरे क्षेत्र में अफरा-तफरी मची हुई है। ग्रामीण हाथी से भयभीत होकर अपने-अपने घरों में ही दुबके हुए हैं। अकेला हाथी झुंड से भटकने के बाद पोड़ी और ठरकपुर के क्षेत्र में आतंक मचाने के साथ खेतों की फसल भी रौंद रहा है। एक दो दिन पहले हाथी ने सीपत क्षेत्र के निवासी संतोष खरे पिता राम अवतार खरे को चपेट में ले लिया था। वहीं शुक्रवार की सुबह 4 बजे हाथी के हमले से एक महिला की मौत हो गई और दो बच्चे सहित तीन घायल हो गए हैं। महिला को मरच्यूरी में और घायलों को उपचार के लिए सिम्स व निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। सिम्स में मृत महिला के परिजन शैलेष यादव ने बताया कि घटना सुबह 4 से 4.30 बजे के बीच हुई है। ग्राम बैमा में राजकुमार यादव का बाड़ा है, जहां कुमारी बाई 45 साल, 10 वर्षीय बालक दुर्गा यादव और 17 वर्षीय बालिका कोठार में सोए हुए थे। सुबह हाथी उनके बाड़े में पहुंचा और कोठार को तोड़ दिया। आवाज सुनकर कुमारी बाई व बच्चे उठकर बाहर निकले, जहां हाथी ने कुमारी बाई को कमर से उठाकर नीचे पटकने के बाद पैर से दबा दिया। इसकी वजह से मौके पर ही कुमारी बाई की मौत हो गई। वहीं बच्चो को भी गंभीर चोट पहुंची है।

मृतक




अस्पताल में भर्ती घायल बालक व महिला



लिम्हा का मिला लोकेशन





### दिया जाएगा मुआवजा

हाथी पिछले 10 दिन से सीपत और बेलतरा वन परिक्षेत्र में विचरण करते हुए खेतों की फसल को नुकसान पहुंचाने के अलावा ग्रामीणों को घायल कर रहा है। फसल को नुकसान पहुंचाने वालों के साथ मृतक और घायलों के लिए विभाग ने मुआवजा घोषित कर दिया है। इसके तहत मानव हाथी संघर्ष की घटनाएं राहत की राशि के तहत किसी व्यक्ति की मौत होने पर 6 लाख रुपए, स्थायी विकलांगता पर 2 लाख रुपए मुआवजा दिया जाना है। वहीं जनघायल पर 59.100 रुपए, फसल क्षति पर 22239.00 प्रति हेक्टेयर अधिकतम, पशु हानि पर 30 हजार रुपए अधिकतम, मकान क्षति पर 95.100 रुपए अधिकतम शामिल किया गया है।

### कराई जा रही मुनादी

घटना सुबह 4.30 बजे के करीब ग्राम बैमा के धूरीपारा की है, जो शहर से लगा हुआ है। हाथी बेलतरा और सीपत वन परिक्षेत्र में है। कोठार में सोई महिला पर हाथी ने हमला कर दिया था, जहां बच्चे भी साथ में थे। हाथी के हमले से महिला की मौत और बच्चे भी घायल हो गए हैं। हाथी से बचाव के लिए तहसील, पंचायत और लोकल पुलिस प्रशासन के साथ मिलकर ग्रामीण एरिया में मुनादी कराई जा रही है, ताकि किसी तरह की घटना न हो। फिलहाल विभाग की टीम मौके पर मौजूद है जो लगातार हाथी के लोकेशन पर नजर रखी हुई है।

- **टीआर मरई,** एसडीओ, वन मंडल बिलासपुर

# बर्थ सर्टिफिकेट जारी करने का गोरखधंधा, 19 सचिवों को नोटिस

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में पैदा होने वाले बच्चों का बर्थ सर्टिफिकेट अस्पताल से जारी होने के बाद उन्हीं बच्चों के नाम पर ग्राम पंचायत से भी सर्टिफिकेट जारी करने के मामले में जिले के 19 सचिवों को नोटिस जारी किया गया है। एक ही बच्चे के नाम पर अलग-अलग जगहों से दो-दो बार बर्थ सर्टिफिकेट लेने की लगातार शिकायतें प्राप्त हो रही हैं।

जिले में इन दिनों एक ही बच्चे को दो-दो बार जन्म प्रमाणपत्र जारी करने का गोरखधंधा जोरों पर चल रहा है। इसके पीछे पालकों की क्या मंशा है, फिलहाल यह बात समझ नहीं आ रही है। लगभग 19 प्रकरणों में बच्चों का जन्म सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों व निजी अस्पतालों में होने के बाद पालकों द्वारा उनके बर्थ सर्टिफिकेट प्राप्त किए जा चुके थे, लेकिन इन्हीं बच्चों को घर में पैदा होने की जानकारी देकर ग्राम पंचायत से भी बर्थ सर्टिफिकेट ले लिए गए हैं। इन सभी 19 मामलों में जिला योजना एवं सांख्यिकीय विभाग द्वारा जिले के 19 ग्राम पंचायत सचिवों को कारण बताओ नोटिस जारी किए गए हैं। फर्जीवाड़े के इन मामलों में तखतपुर ब्लॉक के सर्वाधिक 13 सचिवों को नोटिस जारी किए गए हैं। इसी तरह मस्तूरी के दो एवं कोटा के चार सचिव शामिल हैं।

### स्पष्टीकरण देने में आनाकानी

जिला योजना एवं सांख्यिकीय विभाग द्वारा मामले की जानकारी होने पर संबंधित सचिवों को नोटिस जारी कर स्पष्टीकरण मांगा गया था। सचिवों द्वारा काफी दिन बीत जाने के बाद भी स्पष्टीकरण नहीं देने के बाद संबंधित विभाग ने इस प्रकरण को लेकर कलेक्टर के समक्ष नोटशीट प्रस्तुत करने की बात कहने के बाद सचिवों में कार्रवाई का डर पैदा हुआ व सारे सचिवों द्वारा अपना स्पष्टीकरण विभाग में प्रस्तुत किया गया है। जवाब में सारे सचिवों ने जानकारी दी है कि बच्चों के अस्पताल में पैदा होने के बाद भी पालकों द्वारा बच्चे का जन्म घर में होने की झूठी जानकारी देकर पंचायत से भी बर्थ सर्टिफिकेट प्राप्त किया गया है।

### बर्थ डेट में हो सकता है अंतर

एक ही बच्चे के नाम पर दो-दो बर्थ सर्टिफिकेट लेने की शिकायतें लगातार मिल रहीं हैं। बीते दिनों तिफरा की एक महिला के द्वारा सिम्स से सर्टिफिकेट प्राप्त करने के बाद ग्राम पंचायत में भी सर्टिफिकेट के लिए आवेदन प्रस्तुत किया गया था। पंचायत को दिए आवेदन में उसने अपने बच्चे के जन्म की तारीख अलग बताई थी। हालांकि सर्टिफिकेट जारी होने के पहले ही मामला पकड़ में आ गया था। इन मामलों में भी जारी किए गए दोनों सर्टिफिकेट में बर्थ डेट में भिन्नता संभव है।




- अस्पताल में पैदा हुए बच्चों को पंचायत से भी दिए गए सर्टिफिकेट
- एक ही बच्चे के दो-दो सर्टिफिकेट लेने की लगातार शिकायतें

### दिया गया नोटिस

एक ही बच्चे के नाम पर अस्पताल व घर से दो-दो बर्थ सर्टिफिकेट जारी होने के मामले आए हैं। इन मामलों में संबंधित सभी 19 सचिवों को नोटिस जारी कर स्पष्टीकरण मांगा गया था। सचिवों द्वारा स्पष्टीकरण में पालकों द्वारा बच्चे के घर में पैदा होने संबंधी गलत जानकारी देकर सर्टिफिकेट प्राप्त करना बताया गया है।

- **अतुल कुमार पटेल,** सहायक संचालक
जिला योजना एवं सांख्यिकीय विभाग

### जन्मदिन उत्सव महाबम्पर ड्रा
**सूचना**

हरिभूमि के सुधि पाठकों को सूचित किया जाता है कि पाठकों के लिए जन्मदिन उत्सव योजना चलायी गई थी। जिसमें भाग्यशाली पाठकों के उपहार वितरण की सूचना समाचार पत्र में प्रकाशित किया जायेगा।




विष्णु युग के गौरवशाली
2 वर्ष पूर्ण होने पर
हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...
सुशासन का 2 साल
छत्तीसगढ़ हुआ खुशहाल
मोदी की गारंटी,
विष्णु का विश्वास,
छत्तीसगढ़ का विकास
दीपक सोनी



प्रदेश के बिलासपुर जिले के पास कोपरा जलाशय को अंतरराष्ट्रीय महत्व की आर्द्रभूमि के रूप में रामसर साइट का दर्जा प्रदान किया गया है। यह बिलासपुर ही नहीं, बल्कि पूरे छत्तीसगढ़ के लिए अत्यंत गर्व और ऐतिहासिक उपलब्धि का क्षण है, क्योंकि कोपरा जलाशय छत्तीसगढ़ का पहला रामसर साइट बना है।

# प्रदेश के पहले रामसर साइट का दर्जा मिला कोपरा जलाशय को






हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

जलाशय के विस्तृत खुले जल क्षेत्र में उथले और पोषक तत्वों से समृद्ध बैकवाटर मौजूद हैं, जो इसे पारिस्थितिकी की दृष्टि से बेहद महत्वपूर्ण बनाते हैं। यहां 60 से अधिक प्रवासी पक्षी प्रजातियाँ पाई जाती हैं, जो घोंसले बनाने, भोजन और प्रवास इस पर निर्भर रहती हैं। इनमें संकटग्रस्त ग्रेटर स्पॉटेड ईगल और लुप्तप्राय मिस्त्री गिद्ध खासतौर पर उल्लेखनीय हैं। प्राकृतिक सौंदर्य और पक्षी अवलोकन के कारण यह स्थल स्थानीय लोगों और पर्यटकों के बीच लोकप्रिय है।

हालांकि, गाद जमाव, आक्रामक प्रजातियों और कृषि विस्तार के कारण यह क्षेत्र खतरे का सामना कर रहा है। संरक्षण उपाय प्रस्तावित हैं, पर प्रबंधन योजना अभी तैयार की जानी है। इसके अलावा राजस्थान के अलवर जिले में स्थित सिलिसेर झील स्थल संख्या 2581 सरिस्का टाइगर रिज़र्व के बफर जोन में बनी एक ऐतिहासिक मानव-निर्मित झील है। अर्ध-शुष्क क्षेत्र में स्थित यह झील आसपास की जैव विविधता के लिए एक प्रमुख जल स्रोत का कार्य करती है। यहां 149 पक्षी और 17 स्तनधारी प्रजातियाँ पाई जाती हैं। इनमें संकटग्रस्त रिवर टर्न तथा लुप्तप्राय बाघ प्रमुख हैं। यह झील काली सारस की विश्व आबादी के 1% से अधिक को भी सहारा देती है, जो इसे वैश्विक स्तर पर भी महत्वपूर्ण बनाता है।

उन्नीसवीं सदी के मध्य में निर्मित यह झील समय के साथ एक सांस्कृतिक और सामाजिक पहचान बन चुकी है। सिलिसेर लेक पैलेस से घिरी यह झील स्थानीय समुदाय को लंबे समय से पेयजल उपलब्ध कराती रही है और पर्यटन का प्रमुख आकर्षण भी रही है। मगर बढ़ती कृषि गतिविधियाँ और मानव बस्तियों का विस्तार इसके लिए चुनौती बने हुए हैं। फिलहाल इसके संरक्षण और पुनर्स्थापन की योजना पर काम जारी है।

## मुख्यमंत्री और केन्द्रीय मंत्री तोखन ने जताई खुशी




सीएम साय ने एक्स पर दी बधाई।

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय एवं केन्द्रीय राज्यमंत्री तोखन साहू में इस उपलब्धि के लिए राज्य की जनता को बधाई दी है। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि जिले के कोपरा जलाशय को राज्य का पहला रामसर साइड घोषित किए जाने से मन गर्वित है। यह वैश्विक मान्यता यहां की समृद्ध जैव विविधता,पक्षी आवास, विविधता और उत्कृष्ट जल संरक्षण प्रयासों का सम्मान है। उन्होंने राज्य वेटलैंड प्राधिकरण, पर्यावरण विशेषज्ञ, और स्थानीय समुदायों का आभार प्रकट किया है। यह उपलब्धि प्रदेश में इको टूरिज्म व स्थानीय रोजगार के नए अवसर खोलेगी।केन्द्रीय राज्यमंत्री तोखन साहू ने बिलासपुर संसदीय क्षेत्र और आसपास के सभी नागरिकों को इस उपलब्धि पर हार्दिक बधाई देते हुए कहा कि कोपरा जलाशय को अंतरराष्ट्रीय पहचान मिलना पूरे क्षेत्र के लिए हर्ष का विषय है। उन्होंने इस महत्वपूर्ण निर्णय हेतु पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री भूपेंद्र यादव का आभार व्यक्त किया।

वेकैंसी

## केवी में 2 हजार से अधिक पदों पर भर्ती के लिए आवेदन

**बिलासपुर।** सरकारी शिक्षक बनने का सपना देखने वाले युवाओं के लिए खुशखबरी है। केंद्रीय विद्यालय संगठन ने वर्ष 2025 के लिए टीजीटी, पीजीटी और विभिन्न पदों पर कुल 2 हजार 499 रिक्तियों के लिए आवेदन आमंत्रित किए हैं। आधिकारिक अधिसूचना जारी हो चुकी है और आवेदन प्रक्रिया चल रही है।




इच्छुक उम्मीदवार केवीएस की आधिकारिक वेबसाइट के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। आवेंदन की अंतिम तिथि 26 दिसंबर है। केंद्रीय विद्यालय संगठन ने और अन्य पदों पर 2499 भर्तियां निकालीं है। पदों के लिए योग्यता अलग-अलग तय की है, स्नातकोत्तर शिक्षक (पीजीटी), संबंधित विषय में पोस्ट ग्रेजुएसन, बीएड अनिवार्य मांगा गया है। प्रशिक्षित स्नातक शिक्षक संबंधित विषय में ग्रेजुएशन इसके अलावा कुछ पदों के लिए 12वीं पास, डिप्लोमा, ग्रेजुएशन या प्रोफेशनल डिग्री की जरूरत है। भर्ती के लिए आयु और योग्यता निर्धारित करने की अंतिम तिथि 1 जनवरी 2026 रखी गई है। सरकारी नियमों के अनुसार आयु में छूट भी लागू होगी।

स्मृति सभा

## प्रभु दर्शन भवन में पुण्यतिथि पर कमला दीदी का किया गया स्मरण



**बिलासपुर।** टिकरापारा इंदौर जोन की पूर्व क्षेत्रीय प्रभारी ब्रह्माकुमारी कमला दीदी की तृतीय पुण्यतिथि के अवसर पर टिकरापारा सेवा केंद्र में श्रद्धांजलि एवं स्मृति सभा का आयोजन किया गया। इसमें उन्हें लौकिक, अलौकिक दोनों ही रूपों में मातृ स्वरूप मानते हुए श्रद्धालुओं ने भावपूर्ण स्मरण किया। कार्यक्रम में



बीके मंजू दीदी ने कमला दीदी के जीवन मूल्यों, त्याग, तपस्या, सेवा, सत्यता और समर्पण का विस्तार से उल्लेख किया। विशेष रूप से स्मरण कराया कि दीदीजी ने जीवनपर्यंत सेवा को ही सर्वोपरि माना और छोटे, बड़े सभी का आदर करते हुए अंतिम समय तक सेवामय रहीं। पूरे छग में सेवा केंद्रों की प्रगति में उनका अत्यधिक योगदान रहा। स्मृति सभा के दौरान भोग अर्पित किया गया। जिसमें अलौकिक रूप से परमपिता द्वारा बच्चों सहित कमला दीदी को भोग स्वीकार कराया गया। मंजू दीदी ने मेडिटेशन में सभी को परमात्मा से विजयी भव का तिलक दिया और दृष्टि दी कि भविष्य में सभी ईश्वरीय संतान ज्ञान, योग एवं सेवाओं में नव उत्कर्ष को प्राप्त करेंगे। उपस्थित लोगों से संगठन को सशक्त बनाने तथा तीव्र पुरुषार्थ करने का संकल्प लेने का आह्वान किया गया। अंत में सभी ने दो मिनट का मौन रख ओम शांति ध्वनि के साथ दीदीजी को श्रद्धांजलि अर्पित की।

आयोजन

## एनसीसी कैडेट्स ने दी देशभक्ति सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति



**बिलासपुर।** डी.पी. विप्र महाविद्यालय में 7 सी.जी. बटालियन के तत्वावधान में सशस्त्र सेना झंडा दिवस के उपलक्ष्य में एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें महाविद्यालय परिसर स्थित शहीद स्मारक पर पुष्प चक्र अर्पित कर शहीद वीर सैनिकों को श्रद्धांजलि दी गई। एनसीसी कैडेट्स ने देशभक्ति से ओत-प्रोत सांस्कृतिक प्रस्तुति



दी। अतिथि कर्नल राकेश सिंह बिसेन ने 35 वर्षों के अपने सैन्य अनुभव, कारगिल युद्ध एवं शांति मिशन के संस्मरण साझा करते हुए कहा कि सेना का जीवन त्याग, अनुशासन और मातृभूमि के प्रति अटूट समर्पण का प्रतीक है। वे स्वयं भी एनसीसी कैडेट रहे हैं। उन्होंने युवाओं में राष्ट्र सेवा की भावना जागृत करने का आह्वान किया। उप प्राचार्य डॉ. एम.एस. तम्बोली ने विद्यार्थियों को अनुशासन, कर्तव्यनिष्ठा और राष्ट्रीय गौरव को जीवन का हिस्सा बनने की प्रेरणा दी। प्राचार्य डॉ अंजू शुक्ला एवं कर्नल लोकेश देवा ने कैडेट्स के उत्साह, कार्यक्रम की उत्कृष्ट व्यवस्था तथा एनसीसी टीम के समर्पित प्रयासों की सराहना की। कार्यक्रम का संचालन कैप्टन डॉ. आशीष शर्मा एनसीसी अधिकारी एवं पार्वती कौशिक के मार्गदर्शन में राफिया खान व अनुष्का शर्मा ने किया। मुख्य अतिथि अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक रामगोपाल करियारे ने पुलिस सेवा की चुनौतियों, विशेषकर नक्सलवाद के संदर्भ में अपने अनुभव साझा किए। उन्होंने युवा पीढ़ी से देश हित में जागरूक व सतर्क रहने तथा कर्त्तव्यशील नागरिक बनने का आह्वान किया।

## क्रिसमस : प्रतिभागियों ने दी संगीतमय प्रस्तुति



**बिलासपुर।** संयुक्त मसीह समाज के तत्वाधान में शुक्रवार को सिविल लाईन स्थित डिसाइपल्स ऑफ खाईष्ट चर्च में क्रिसमस गीत-संगीत प्रतियोगिता हुई। कोषाध्यक्ष कोषाध्यक्ष प्रखर पटेल ने बताया की इसके माध्यम से बिलासपुर के सभी चर्च के लोग एक साथ मिलकर क्रिसमस संगीत कार्यक्रम में शामिल हुए, इसके साथ ही अलग- अलग प्रकार के व्यंजनों का भी लुफ्त लिया। इस प्रतियोगिता में शहर के लगभग 18 से अधिक चर्च के लोगों ने भाग लिया। क्रिसमस 25 दिसंबर को मनाया जाएगा, इससे पहले चर्चों में विभिन्न कार्यक्रम कराए जा रहे हैं। इस दौरान प्रभु यीशु के बाल्यकाल से लेकर उनके बलिदान दिए जाने तक की कहानी को अपने गीत-संगीत से प्रस्तुत किया। प्रभु वाशु व गीत-संगीत प्रतियोगिता रात्रि 7:30 बजे शुरू होकर देर रात तक चला, इसमें दी जाने वाली प्रस्तुतियों को परखने जज थे जिन्होंने हर टीम के संगीत को सुनकर चयन किया। इस दौरान प्रभु यीशु व क्रिसमस से जुड़ी कहानियों को अपने गीतों में पिरोया। इसमें प्रत्येक ग्रुप को 5 मिनट व सोलो प्रतिभागियों को 3 मिनट प्रस्तुत करने समय दिया गया था, इसमें प्रभु के जन्म से लेकर उनके बलिदान पर गीतों की प्रस्तुति दी गई।

इस दौरान अध्यक्ष जयदीप रॉबिंसन, उपाध्यक्ष डॉ राजीव पीटर्स, सचिव डॉ रत्नेश कुमार, कोषाध्यक्ष प्रखर पटेल, सहसचिव प्रा. हेरी डेनिएल, कार्यकरिणी सदस्य हिमांशु जेकब,मिनेश चरन, संदीप तिमोथी सहित मसीही समाज के लोग मौजूद थे।

### प्रभु यीशु के जन्म व बलिदान पर गायन



### सोलो व ग्रुप प्रस्तुति

मसीही समाज के क्रिसमस गीत-संगीत प्रतियोगिता में प्रतिभागितयों ने सोलो व ग्रुप लाइव परफॉम कर एक से बढकर एक प्रस्तुति दी। इसके साथ ही प्रभु यीशु के संदेश के बारे में भी समझाया गया। अध्यक्ष जयदीप रॉबिंसन द्वारा इस स्पर्धा में चयनित प्रतिभागियों को पुरूस्कृत किया गया।

### क्रिसमस रैली आज

संयुक्त मसीही संगठन की ओर से क्रिसमस रैली का आयोजन शनिवार को किया जाएगा। यह रैली शाम 4.30 बजे बर्जेश स्कूल मैदान से निकाली जाएगी। रैली अग्रसेन चौक, इंदिरा गांधी चौक, सीएमडी चौक, टैगोर चौक, जूना बिलासपुर, गोलबाजार होते हुए चर्च पहुंचेगी। इस दौरान 50 चर्च के करीब 6 हजार लोग शामिल होंगे।



## श्री गुरुतेग बहादुर साहेब के 350वें शहादत वर्ष पर निबंध प्रतियोगिता

**बिलासपुर।** छत्तीसगढ़ अल्पसंख्यक आयोग के अध्यक्ष अमरजीत सिंह छाबडा के नेतृत्व में आयोजित श्री गुरुतेग बहादुर साहेब के 350वें शहादत वर्ष पर समर्पित जिला स्तरीय निबंध प्रतियोगिता पिछले दिनों आयोजित की गई। जिले की विभिन्न स्कूल रेलवे स्कूल, सेंट्रल स्कूल, पंचवटी स्कूल, श्री गुरुनानक स्कूल, गवर्मेंट स्कूल, महारानी स्कूल गर्ल्स, नूतन चौक के 1788 बालक बालिकाओ ने हिस्सा लिया। प्रतियोगिता में जिले से खालसा स्कूल की आशू तिवारी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। द्वितीय स्थान पर खालसा स्कूल की ही दीक्षा गोस्वामी,साक्षी दुबे एवं सृष्टी लवकरे रही। तृतीय स्थान पर महारानी लक्ष्मी बाई हायर सेकंडरी स्कूल की 11वी की छात्रा शिवानी ध्रुव, खालसा हायर सेकंडरी स्कूल की दीक्षा दुबे अंजनी सोनकर रही। जिला स्तरीय निबंध प्रतियोगिता मे प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले प्रतियोगी को छत्तीसगढ अल्पसंख्यक आयोग के जिला संयोजक अमरजीत सिंह दुआ एवं डॉ चरनजीत सिंह गंभीर द्वारा 5 हजार 100 एवं स्मृति चिन्ह, द्वितीय स्थान के विजेता को 3 हजार 100 नगद व स्मृति चिन्ह तथा तृतीय स्थान के विजेता को 2 हजार 100 नगद एवम स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया।

प्रतियोगियो को सम्मानित करने के लिए विशेष रुप गुरुनानक शिक्षण समिति के कार्यवाहक अध्यक्ष राजेन्द्र सिंह चावला, अमरजीत सिंह दुआ, तविंदर पाल सिंह अरोरा, डॉ चरनजीत सिंह गंभीर,जसवीर सिंह गांधी उपस्थित रहे।

स्पोर्टर्स न्यूज

## बास्केटबॉल में सीएमडी कॉलेज बना विजेता





**बिलासपुर।** एलसीआईटी कालेज ऑफ़ कॉमर्स एंड साइंस की मेजबानी में आयोजित सेक्टर स्तरीय बास्केटबॉल प्रतियोगिता का विजेता सीएमडी कॉलेज रहा। उपविजेता मेजबान एलसीआईटी महाविद्यालय बना।

इस संबंध में क्रीड़ाधिकारी ओमकार जायसवाल ने बताया कि बास्केटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन 11 दिसंबर को एलसीआईटी कालेज ऑफ़ कॉमर्स एंड साइंस की मेजबानी में आयोजित किया गया। फाइनल मुकाबला एलसीआईटी कालेज विरुद्ध सीएमडी कालेज के मध्य खेला गया जिसमे सीएमडी कालेज ने 56- 44 के मुकाबले 12 अंको से हराकर सेक्टर स्तरीय बास्केटबॉल प्रतियोगिता का ख़िताब जीता। उपविजेता का ख़िताब मेजबान एलसीआईटी कॉलेज बना। पहला सेमीफाइनल मुकाबला सीएमडी कॉलेज विरुद्ध डीएलएस कॉलेज के मध्य खेला गया जिसमें डीएलएस को हराकर फाइनल में पंहुचा, दूसरा सेमीफाइनल एलसीआईटी कालेज विरुद्ध जेपी वर्मा कालेज के मध्य खेला गया, जिसमें एलसीआईटी कालेज ने जीत दर्ज कर फाइनल में प्रवेश किया।



## वॉलीबॉल पुरूष टीम बिहार रवाना

पूर्वी क्षेत्र अंतर विश्वविद्यालय वॉलीबॉल पुरुष वर्ग प्रतियोगिता का आयोजन 10 से 15 दिसंबर तक बाबा साहब भीमराव अंबेडकर विश्वविद्यालय मुजफ्फरपुर बिहार में आयोजित है। जिसमें भाग लेने के लिए अटल बिहारी वाजपेई विश्वविद्यालय की टीम आज रवाना हुए, इस टीम में खिलाड़ी दीपेंद्र कुमार, सागर सिंह, राम रतन वर्मा, राहुल कुमार, आकाश ध्रुव, चंदन सिंह, यशवंत बेहरा, विशाल सिंह ,इसीतत्व साहू, साहिल राठौर ,प्रांजल गर्ग ,अनय दुबे, टीम में शामिल है। टीम के मैनेजर अविनाश निर्मलकर एवं कोच राजेश सिंह है। कुलपति आचार्य अरुण दिवाकर नाथ वाजपेई,कुलसचिव डॉ तरनीश गौतम, विश्वविद्यालय के फिजिकल एजुकेशन डायरेक्टर डॉक्टर प्रमोद तिवारी एवं सभी क्रीड़ा अधिकारीयो ने शुभकामनाएं दी।



## सेजेस की चार छात्राओं का राष्ट्रीय तैराकी में चयन

स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालय के छात्रों ने। राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित 69 वीं राष्ट्रीय शालेय तैराकी प्रतियोगिता नई दिल्ली में 17 दिसंबर तक आयोजित होगी। जिसमें बालिकाएँ 14, 17, 19 वर्ष के लिए पूरे बिलासपुर संभाग से चुने गए 5 खिलाड़ियों में से 4 खिलाड़ी अकेले ग्राम घुटकू के सेजेस स्कूल से चयनित हुए हैं। प्रतिभा न तो परिस्थिति की मोहताज होती है और न ही संसाधनों की इस बात को सच कर दिखाया है। इसमें चयनित खिलाड़ी रानी सोंचे, खुशी लोनिया, दिव्या वर्मा, आदिति सोंचे है। इन चारों बालिकाओं ने गांव के साधारण तालाब से अभ्यास शुरू कर आज दिल्ली के राष्ट्रीय स्तर के स्विमिंग पूल तक पहुँचने की उपलब्धि अपने कठिन परिश्रम और प्रशिक्षण के दम पर हासिल की है। इन बच्चों को तैराकी की विशेष कोचिंग दुर्गा यादव तथा सूरज यादव द्वारा दी गई, जिनकी मेहनत का परिणाम आज पूरे क्षेत्र के लिए गौरव का विषय है। बच्चों के राष्ट्रीय चयन पर जनपद सदस्य प्रतिनिधि डॉ रवि सोनी ने कहा कि "यह हमारे ग्राम, विद्यालय और पूरे क्षेत्र के लिए गर्व की बात है। घुटकू के बच्चों ने सिद्ध कर दिया है कि सच्चा जज़्बा और मेहनत किसी भी मुकाम तक पहुँचा सकती है। बच्चों को शुभकामनाएँ देने विद्यालय प्राचार्य मनोज देवांगन, शिक्षिका अर्चना तम्बोली, जनपद सदस्य प्रतिनिधि डॉ रवि सोनी, सरपंच तिलक वर्मा, गनियारी सरपंच नागेश वर्मा, कोच दुर्गा यादव, सूरज यादव तथा विद्यालय के समस्त शिक्षक-कर्मचारी उपस्थित रहे।



# 'ना तो कारवां की तलाश' नया नहीं, 1960 का पुराना गाना है

**मुंबई।** फिल्ममेकर आदित्य धर की फिल्म 'धुरंधर' का जादू हर तरफ छाया हुआ है, जिसमें रणवीर सिंह, संजय दत्त, अक्षय खन्ना, आर माधवन और अर्जुन रामपाल लीड रोल्स में हैं। फिल्म को दर्शकों से काफी प्यार मिल रहा है और यही नहीं, फिल्म की बाकी बातों की तरह इसके गानों को भी उतना ही पसंद किया जा रहा है। लोग सबसे ज्यादा तो रणवीर सिंह के एंट्री सॉन्ग 'ना तो कारवां की तलाश है' की बात कर रहे हैं। इस गाने पर खूब रील्स भी कट रहे हैं। धुरंधर में रणवीर सिंह की एंट्री पर बजने वाला गाना 1960 की हिंदी क्लासिक फिल्म 'बरसात की रात' का कव्वाली सॉन्ग 'ना तो कारवां की तलाश है' है। इस फिल्म का निर्देशन पी. एल. संतोषी ने किया था और इसमें भरत भूषण और मधुबाला लीड रोल्स में थे।

## लाइफ Style

# ऋचा

## चाहती थीं काम करना, शरीर और मन नहीं था तैयार


ऋचा चड्ढा आखिरी बार साल 2023 में आई फिल्म 'फुकरे 3' और पिछले साल आई वेब सीरीज 'हीरामंडी: द डायमंड बाजार' में दिखाई दीं। पिछले साल जुलाई में ही उन्होंने बेबी गर्ल को जन्म दिया. तबसे उन्होंने काम नहीं किया और बेबी के साथ ही वक्त बिता रही हैं। अब उन्होंने एक भावुक नोट शेयर किया है।

एजेंसी ▶▶| मुंबई

ऋचा चड्ढा ने मां बनने के बाद अपने जीवन में आए इमोशनल, फिजिकल और प्रोफेशनल चैलेंजेस के बारे में खुलकर बात की है। उन्होंने लगभग दो साल बाद काम पर लौटने की अपनी जर्नी को भी साझा किया है। उन्होंने ईमानदारी और बेबाकी के मैटरनिटी और एंटरटेमनेंट की दुनिया की सच्चाइयों को बिना किसी लाग-लपेट के सामने रखा है। ऋचा चड्ढा अपने इंस्टाग्राम पर तस्वीरों के साथ-साथ नोट भी लिखा है। उन्होंने नोट में काम पर लौटने की मुश्किलों का जिक्र किया है। उन्होंने माना कि भले ही वह जल्दी लौटना चाहती थीं, लेकिन उनका शरीर और मन इसके लिए तैयार नहीं था। उन्होंने बच्चे के जन्म के बाद मानसिक रूप से धीरे-धीरे और जटिल तरीके से उबरने की बात कही। ऋचा चड्ढा ने यह भी बताया कि एक नई मां को खुद को फिर से खोजने के लिए किस तरह के सपोर्ट सिस्टम की जरूरत होती है। ऋचा ने इस संवेदनशील दौर में अपने पेशेवर जीवन में झेली गई तकलीफों का भी जिक्र किया, जिसमें उन्होंने इंडस्ट्री में विश्वासघात और नैतिकता की कमी को लेकर खुलकर बात की। ऋचा चड्ढा का पोस्ट सोशल मीडिया पर सार्वजनिक हस्तियों, खासकर नई मांओं पर कंटेंट बनाने के दबाव की भी आलोचना करता है।



## हॉलीवुड मसाला





# स्ट्रीट फाइटर का पहला लुक आया सामने

**लॉस एंजिल्स।** विद्युत जामवाल फिल्म 'स्ट्रीट फाइटर'से हॉलीवुड में अपने डेब्यू के लिए तैयार हैं। अब फिल्म से उनका पहला लुक सामने आया है। अपने फर्स्ट लुक में विद्युत बाल्ड लुक में काफी दमदार नजर आ रहे हैं। उनका ये लुक रिवील होते ही सोशल मीडिया पर भी छाया हुआ है। लोकप्रिय वीडियो गेम पर आधारित फिल्म 'स्ट्रीट फाइटर'में विद्युत जामवाल योगी धल्सिम की भूमिका में नजर आएंगे। अब उनका पहला लुक सामने आया है। इस लुक में विद्युत बाल्ड (गंजे) नजर आ रहे हैं। फर्स्ट लुक में विद्युत मार्शल आर्ट की एक पोजिशन में नजर आ रहे हैं। वो हाथों, पैरों, गले और कानों में अजीब से भारी आभूषण पहने हुए हैं। सिर और चेहरे पर लाल रंग से लाइनें भी बनी हुई हैं।



# एक्शन अंदाज में नजर आईं मिली एल्कॉक

**लॉस एंजिल्स।** डीसी स्टूडियोज की नई फिल्म 'सुपरगर्ल' अगले साल सिनेमाघरों में रिलीज होगी। हाल ही में इस फिल्म का टीजर-ट्रेलर मेकर्स ने रिलीज किया है। एक्शन से भरपूर इस टीजर ने फिल्म को लेकर एक्साइटमेंट बढ़ा दी है। टीजर-ट्रेलर की शुरुआत एक आम टीनएज लड़की से होती है, जिसकी जिंदगी काफी अस्त-व्यस्त है। लेकिन, परिस्थिति कुछ ऐसी बनती हैं कि उसे अपनी सुपरपावर का इस्तेमाल करना पड़ता है, बुरे लोगों से दुनिया को बचाना पड़ता है। इस काम में उसकी मदद एक अनजान लड़की भी करती है। फिल्म 'सुपरगर्ल' को क्रेग गिलेस्पी ने निर्देशित किया है। फिल्म के टीजर-ट्रेलर के साथ मेकर्स ने रिलीज डेट भी शेयर की है। अगले साल यह फिल्म रिलीज होगी। इस रिलीज की तारीख जून 2026 है। फिल्म 'सुपरगर्ल' में भी 'सुपरमैन' के लेवल का एक्शन और वीएफएक्स देखने को मिल रहा है। विलेन भी काफी खूंखार नजर आ रहे हैं। बैकग्राउंड स्कोर भी एक्शन सीन्स पर परफेक्ट बैठ रहा है।




# बॉर्डर 2 का टीजर 16 दिसंबर को होगा रिलीज

**मुंबई।** सनी देओल, वरुण धवन, दिलजीत दोसांझ और अहान शेट्टी स्टारर 'बॉर्डर 2' का दर्शक बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। अब फिल्म के टीजर रिलीज को लेकर बड़ी जानकारी सामने आई है। साल 2026 की मच अवेटेड फिल्मों में शामिल 'बॉर्डर 2' का टीजर 16 दिसंबर को विजय दिवस के मौके पर रिलीज किया जाएगा। टीजर की रिलीज डेट घोषित करते हुए मेकर्स की ओर से फिल्म का एक नया पोस्टर भी जारी किया गया है। इस पोस्टर में फिल्म के चारों नायक सनी देओल, वरुण धवन, दिलजीत दोसांझ और अहान शेट्टी सेना की वर्दी में नजर आ रहे हैं। अलग-अलग जारी किए गए किरदारों के पोस्टर्स के बाद फिल्म को लेकर दर्शकों में उत्साह पैदा हो गया है। अब मेकर्स ने एक साथ चारों किरदारों की झलक दिखाई है। इस पोस्टर के सामने आने के बाद फिल्म को लेकर दर्शकों में उत्साह और भी बढ़ गया है।




# फोर मोर शॉट्स प्लीज के चौथे सीजन का आया ट्रेलर

**मुंबई।** ओटीटी की लोकप्रिय महिला-केंद्रित सीरीज 'फोर मोर शॉट्स प्लीज' एक बार फिर अपने दर्शकों से मुखातिब होने को तैयार है। चौथा और फाइनल सीजन का ट्रेलर रिलीज कर दिया गया है और इसे देखकर साफ हो जाता है कि इस बार कहानी सिर्फ ग्लैमरस नाइट-लाइफ, रिश्तों और दिल टूटने तक सीमित नहीं रहने वाली, बल्कि इस बार बात पर्सनल लड़ाइयों तक जा पहुंची है। इस बार ट्रेलर में काफी कुछ खास देखने को मिलेगा। अमेजन प्राइम वीडियो पर 19 दिसंबर को स्ट्रीम होने वाली इस सीरीज में सिद्धि, उमंग, दामिनी और अंजना अपने जीवन के उस मोड़ पर खड़ी नजर आती हैं, जहां उन्हें यह स्वीकार करना पड़ता है कि अब बदलाव जरूरी है। ट्रेलर में चारों दोस्त खुद को सुधारने के लिए छह महीनों की चुनौती लेती दिखती हैं।

# केबीसी में 25 लाख रुपए के सवाल पर गोल्ड मेडलिस्ट ने भी मानी हार

**नई दिल्ली।** 'कौन बनेगा करोड़पति 17' के एक एपिसोड की शुरुआत रोलओवर कंटेस्टेंट शीतल के साथ हुई जो कृषि विज्ञान से जुड़े फील्ड में गोल्ड मेडलिस्ट हैं। उन्होंने बिग बी द्वारा पूछे गए शुरुआती दस सवालों का बड़े अच्छी से जवाब दिया और सुपर संदूक राउंड में 8 सवालों का सही जवाब देकर अपनी लाइफलाइन 'ऑडियंस पोल' जिंदा कर दी है।



अमिताभ बच्चन ने कंटेस्टेंट शीतल से कंटेस्टेंट 12.50 लाख रुपए के 12वें सवाल फंस गई थीं। हालांकि, उन्होंने अपनी बची दोनों लाइफलाइन 50-50 और संकेत सूचक का इस्तेमाल किया और जोखिम उठाते खेल जारी रखा। बिग बी ने कंटेस्टेंट से सवाल पूछा, 'टेस्ट शतक बनाने वाली पहली भारतीय महिला क्रिकेटर कौन हैं, जो टेस्ट टीम की पहली कप्तान भी थीं?' विकल्प हैं- ए. डायना एडुल्जी, बी. शांता रंगास्वामी, सी. नीतू डेविड, डी. शुभांगी कुलकर्णी।



कंटेस्टेंट ने रिस्क उठाते हुए विकल्प बी. शांता रंगास्वामी को चुना, जो सही है। बिग बी ने फिर कंटेस्टेंट से 25 लाख रुपए का 13वां सवाल पूछा, 'आइसैक न्यूटन ने 1687 में अपनी रचना, 'प्राकृतिक दर्शन के गणितयी सिद्धांत'किस भाषा में प्रकाशित की थी?' विकल्प हैं- ए. यूनानी, बी. फ्रेंच, सी. लैटिन, डी. अंग्रेजी। कंटेस्टेंट शीतल ने इस सवाल पर गेम क्विट कर दिया और 12.50 लाख रुपए जीतकर घर लौटीं।

# सस्पेंस-थ्रिलर से लेकर कॉमेडी-रोमांस तक ओटीटी पर रिलीज हुआ एंटरटेनमेंट का सुपरडोज

**नई दिल्ली।** दिसंबर का दूसरा शुक्रवार ओटीटी दर्शकों के लिए किसी ट्रीट से कम नहीं। साल के आखिर में जहां प्लेटफॉर्म्स अपनी सबसे मजबूत लाइनअप सामने ला रहे हैं, वहीं 12 दिसंबर को एक ही दिन में पांच दमदार रिलीज ने वीकेंड को पहले से एक्साइटेड बना दिया है।

नेटफ्लिक्स से लेकर जी 5 और जियो हॉटस्टार तक- हर प्लैटफॉर्म ने ऐसा कंटेंट पेश किया है जो मनोरंजन के अलग-अलग टेस्ट को पूरा करता है। सस्पेंस, कॉमेडी, फैमिली ड्रामा, इमोशन्स और रोमांच- इस बार की लिस्ट में सबकुछ देखने को मिल रहा है।

### वेक अप डेड मैन: ए नाइव्स आउट मिस्ट्री

डेनियल क्रेग की वापसी के साथ नाइव्स आउट सीरीज का नया अध्याय दर्शकों में रोमांच भरने के लिए तैयार है। यह कहानी एक ऐसे धार्मिक समुदाय में होने वाली हत्या के इर्द-गिर्द बुनी गई है, जो पहली नजर में भले ही शांत दिखे, लेकिन भीतर कई रहस्यों को छिपाए बैठा है। जासूस बेनोइट ब्लांक इस बार एक युवा पादरी के साथ मिलकर उस पहेली को सुलझाने निकलता है जो असंभव लगती है। अनोखे किरदार, तनाव और चौंका देने वाले मोड़ों के कारण यह फिल्म मिस्ट्री प्रेमियों के लिए परफेक्ट वॉच है। ये फिल्म नेटफ्लिक्स पर रिलीज हो चुकी है।



### कांता

1950 के दशक का मद्रास, बदलते सामाजिक ढांचे का दौर और उसके बीच पैदा हुआ रचनात्मक तनाव- 'कांता' अपनी पृष्ठभूमि और प्रस्तुति के कारण एक अलग ही दुनिया में ले जाती है। दुलकर सलमान, राणा दग्गुबाती और समर्थ कलाकारों की टोली इस पीरियड मिस्ट्री को ऊंचाई देती है। फिल्म उद्योग की प्रतिस्पर्धा से शुरू होने वाली कहानी जल्द ही एक स्याह मोड़ लेती है जब हत्या की गुत्थी खुलती है। विंटेज अंदाज और रहस्य का मिश्रण इसे विशेष बनाता है।

### सिंगल पापा

हल्की-फुल्की कॉमेडी और इमोशनल टच चाहने वालों के लिए यह नई सीरीज काफी अच्छी साबित होने वाली है। कुणाल खेमू एक ऐसे व्यक्ति की भूमिका में हैं, जिसकी जिंदगी तलाक के बाद अचानक करवट लेती है- जब वह एक बच्चे को गोद ले लेता है। बेपरवाह और बचकाने स्वभाव वाला गौरव गेहलोत जब पेरेंटिंग की जिम्मेदारियों में घिरता है, तो परिवार की प्रतिक्रियाएं और हालात मजेदार भी बनते हैं और भावुक भी। रिश्तों, जिम्मेदारियों और नए आरंभ की यह कहानी दिल को छूने वाली है। ये सीरीज नेटफ्लिक्स पर दस्तक दे चुकी है।

# कुछ हद तक हंसाती है कपिल की फिल्म 'किस किसको प्यार करूं 2'

**नई दिल्ली।** सोचिए अगर एक ही आदमी मोहन, महमूद, माइकल और मंजीत चार किरदार निभाए, चार धर्मों में अलग-अलग बीवियां रखे तो उसका हश्र क्या होगा? बस इतनी कहानी है फिल्म 'किस किसको प्यार करूं 2' की। फिल्म की शुरुआत होती है भोपाल शहर के रहने वाले मोहन शर्मा (कपिल शर्मा) से जो सानिया (वरीना) से बेहद प्यार करता है। सानिया से शादी करने के चक्कर में मोहन के सामने ऐसी-ऐसी सिचुएशन आती है कि उसे रूही (आयशा खान), मीरा (त्रिधा चौधरी) और जेनी (पारुल गुलाटी) से भी शादी करनी पड़ जाती है। अब अंत में मोहन अपना असली प्यार कैसे पाता है? यह आपको फिल्म देखकर पता चलेगा।

### कैसा है अभिनय ?

कपिल शर्मा कॉमेडी तो कर सकते हैं पर एक्टिंग में सिर्फ कॉमेडी नहीं करनी होती, यह उन्हें समझना होगा। हालांकि, उनका काम पहले से बेहतर है पर रोमांटिक गानों और इमोशनल सीन में वो फीके लगते हैं। हां, कॉमिक टाइमिंग और पंच मारने में उन्हें कोई टक्कर नहीं दे सकता। इसमें कोई दो राय नहीं हैं कि उन्होंने यह फिल्म अपने कंधों पर संभाली है। चार हीरोइन वाली इस फिल्म में आयशा और त्रिधा का काम अच्छा है। पारुल कहीं-कहीं फीकी रहीं। वरीना के तो एक्सप्रेशन पूरी फिल्म में गायब ही रहे। मनजोत ने इस फिल्म को बखूबी संभाला है। अखिलेंद्र मिश्रा और विपिन शर्मा जैसे मंझे हुए कलाकार भी इस फिल्म के संभालते हैं। सुशांत का रोल छोटा है पर उनका काम ठीक है। असरानी के कुल चार सीन हैं और उन्हें देखकर अच्छा लगता है। पूरी फिल्म में जैमी लीवर की ओवरएक्टिंग और एक ही टोन इरिटेट करती है। हनी सिंह का एक गाना ठीक-ठाक है। फिल्म की ओपनिंग में ही एक रोमांटिक ट्रैक आपको बोर कर देता है। त्रिधा और कपिल के बीच शूट हुआ एक गाना जबरदस्ती फिल्माया गया है। बैकग्राउंड म्यूजिक सिचुएशन के हिसाब से ठीक है।



### क्या बेहतर ?

यह फिल्म चार धर्मों की बात करती है पर कहीं भी ऐसा डायलॉग या सीन नहीं है जो किसी धर्म को आहत करे। यह कमाल राइटर का है। फिल्म में कपिल शर्मा, मनजोत सिंह, विपिन शर्मा, अखलेंद्र मिश्रा जैसे कलाकार आपको हंसाते हैं। कुछ पंच और कुछ सीन अच्छे बन पड़े हैं। एक गाना छोड़ दें तो परिवार के साथ इस फिल्म के देख सकते है। फिल्म के लास्ट सीन में आपके लिए एक सरप्राइज है, जो अच्छा है।

---

न्यायालय श्रीमान व्यवहार न्यायाधीश कनिष्ठ श्रेणी
लोरमी जिला मुंगेली (छ.ग.)
सीताराम ........... वादी
बनाम
कैलाशराम वगैरह .........उत्तरवादीगण
व्यवहार प्र.क्र - 23अ/2025
पेशी दिनांक - 09.01.2026
प्रोसेस क्रमांक - 751/25

प्रति, 2 समुदबाई पति स्व. देवचरण उम्र 65 वर्ष, 3 देवकली पिता स्व. देवचरण उम्र 45 वर्ष, 5 सांवत आ. महेत्तर उम्र 55 वर्ष, 13 सरोज पिता भागवतसिंह उम्र 25 वर्ष, 15 शशिप्रभा पिता भागवत सिह उम्र 22 वर्ष, 17 बिहारी पिता मेघऊ उम्र 30 वर्ष, 18 लीलाराम पिता मेघऊ उम्र 28 वर्ष, 21 तिरवेनीबाई पिता मेघऊ उम्र 60 वर्ष, 23 इतवारीबाई पिता लतेल गोड उम्र 70 वर्ष, 26 गोवर्धन पिता पिहाराम उम्र 30 वर्ष, 28 तितरी पिता पिहाराम उम्र 40 वर्ष, 35 चमारिन बेवा परसराम उम्र 65 वर्ष क्रमांक 2,3,5,17,18,21,23 26,28, एवं 35 निवासी ग्राम ढोलगी तहसील लोरमी जिला मुंगेली छ0ग0 एवं 13 एवं 15 निवासी मनेन्द्रगढ़ तहसील मनेन्द्रगढ जिला चिरमिरी छ.ग.

संमंस/नोटिस

इस न्यायालय में वादी द्वारा प्रतिवादीगण के विरूद्ध दावा वास्ते स्वत्व की उदघोषणा निषेधाज्ञा एवं कब्जा हेतु वाद प्रस्तुत किया गया है। उक्त प्रकरण में आपको प्रतिवादी क्र 2,3,5,13,15,17,18,21,23 26,28, एवं 35 के रूप में संयोजित किया गया है। उक्त प्रकरण के पेशी दिनांक 09.01.2026 को नियत है।

अतः आप प्रतिवादी 2,3,5,13,15,17,18,21,23 26.28, एवं 35 स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर मय दस्तावेज अपनी प्रतिरक्षा के संबंध में दस्तावेज एवं जवाब प्रस्तुत करें अन्यथा आपके विरूद्ध एक पक्षीय कार्यवाही की जावेगी उक्त पेशी दिनांक को अवकाश होने पर आगामी कार्य दिवस को उक्त प्रकरण की कार्यवाही की जावेंगी

यह आज दिनांक - 10.12.2025 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगाकर जारी किया गया है।

जारी दिनांक 10.12.2025
स्थान - लोरमी

देवेन्द्र कुमार दीक्षित
व्यवहार न्यायाधीश कनिष्ठ श्रेणी
लोरमी जिला मुंगेली

न्यायालय नायब तहसीलदार सकर्रा, तहसील सकरी, जिला बिलासपुर (छ.ग.)

ईश्तहार

ग्राम छतौना
तह. सकरी जिला बिलासपुर (छ.ग.)

एतद् द्वारा सर्वसाधारण आम जनता ग्राम छतौना को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री गौकरण पिता स्व. राम सिंह निवासी गोस्वामी पारा बोदरी तहसील बोदरी, जिला बिलासपुर (छ.ग.) के द्वारा ग्राम छातौना, प.ह.नं. 37, स्थित भूमि खसरा नंबर 1076/7, 1076/8, 1076/9, 1076/11, 1078/6, 1078/7, 1004/1 रकबा क्रमशः 0.90, 0.70, 0.65, 0.80, 0.08, 0.48 कुल रकबा 3.59 एकड़ जमीन समस्त राजस्व अभिलेखों में बहैसियत भूमि स्वामी आधिपतधारी आवेदक के नाम पर दर्ज है। उक्त भूमि को गैर आदिवासी क्रेता प्रवीण मिश्रा एवं रामलाल यादव पास विक्रय करने की अनुमति हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है जो कलेक्टर, बिलासपुर से जांच हेतु अनुविभागीय अधिकारी (रा.) तखतपुर के द्वारा इस न्यायालय को प्राप्त हुआ है। इस ईश्तहार के माध्यम से दावा/आपत्ति आमंत्रित किया जाता है।

अत: उक्त आवेदन के संबंध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई दावा/आपत्ति हो तो वह अपना दावा/आपत्ति स्वंय या अपने अधिवक्ता के माध्यम से इस न्यायालय में नियत पेशी दिनांक 22.12.25 तक प्रस्तुत कर सकते है। उक्त तिथि पश्चात दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 09/12/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की सील व मुहर से जारी किया गया।

नायब तहसीलदार, सकरी

आम सूचना

आम जनता को सूचित किया जाता है कि मेरे परिवार के सदस्य के द्वारा मौजा लिंगियाडीह प.ह.नं.31 रा.नि.मं. मोपका तह. बिलासपुर विकासखण्ड बिल्हा अंतर्गत ग्राम पंचायत लिंगियाडीह (परिसीमन पश्चात् नगरपालिक निगम बिलासपुर वार्ड क्र.52 रविन्द्रनाथ टैगोर नगर वार्ड) दयालबंद से सीपत रोड जाने वाली सड़क पर स्थित "AMBA PARK FACE-2" के प्रथम तल के प्रकोष्ठ (फ्लैट) क्र. 101 जो कि पूर्ण निर्मित फ्लैट है जिसका बिल्टअप क्षेत्रफल 1063 वर्गफीट (98.792 वर्ग मीटर है जिसके उत्तर में खुला, दक्षिण में पैसेज कॉरीडोर, पूर्व में लिफ्ट और फ्लैट क्र.102 तथा पश्चिम में खुला है, को सतविन्दर सिंह अरोरा पिता स्व.गुरदीप सिंह अरोरा दयालबंद निवासी) (हाल में अम्बा पार्क फेस 2 लिंगियाडीह बिलासपुर में निवासरत) बिलासपुर से खरीद का अनुबंध कर शीघ्र रजिस्ट्री होना तय हुआ है।

अत: जिस किसी व्यक्ति/संस्था/ बैंक/ या अन्य किसी को भी इस विक्रय पत्र रजिस्ट्री होने पर आपत्ति है वह मय दस्तावेज 20 दिसम्बर 2025 तक मुझे सम्पर्क कर आपत्ति दर्ज कर सकते हैं। इस तारीख के बाद की गई आपत्ति अमान्य होगी।

सो सूचना जानें।

भवदीय
गुरूचरण सिंह बग्गा
गुरूद्वारा रोड तखतपुर जि. बिलासपुर
(Mo.) 838-9999-199

न्यायालय तहसीलदार सकरी, तहसील सकरी, जिला बिलासपुर (छ.ग.)

// ईश्तहार //

रा.प्र.क्र......./ब-121/2023-24
ग्राम उसलापुर तहसील सकरी, बिलासपुर

एतद् द्वारा सर्वसाधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक शीला बाई पति संतकुमार निवासी उसलापुर तहसील सकरी जिला बिलासपुर (छ.ग.) के द्वारा अपने स्वयं शीला बाई पति संतकुमार की जन्म दिनांक 03/04/1975 को ग्राम उसलापुर में होने के कारण जन्म रजिस्ट्रीकरण नियम 2001 के नियम 13(3) / 9 (3) के तहत जन्म प्रमाण पत्र जारी किये जाने हेतु आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है। इस ईश्तहार के माध्यम से दावा/आपत्ति आमंत्रित किया जाता है।

अत: उक्त आवेदन के सम्बन्ध में यदि किसी व्यक्ति या संस्था को कोई दावा/आपत्ति हो तो वह स्वयं या अपने अधिवक्ता के मध्यम से इस न्यायालय में नियत पेशी दिनांक 22/12/25 के पूर्व अपना दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। उक्त तिथि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 8/12/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा द्वारा ईश्तहार जारी किया गया।

कार्यपालिक दण्डाधिकारी
सकरी

न्यायालय तहसीलदार सकरी जिला-बिलासपुर (छ.ग.)

ईश्तहार

रा.प्र.क्र. ......./2025-26
ग्राम काठाकोनी तहसील - सकरी,
जिला-बिलासपुर (छ.ग.)

एतद् द्वारा सर्व साधारण जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक पिंटू कादरी पिता चुन्नी लाल गुप्ता निवासी वेयर हाउस रोड महामाया बिहार बिलासपुर छ.ग. के द्वारा ग्राम काठाकोनी प.हन. 48 रा.नि.म पेण्डारी तहसील सकरी जिला बिलासपुर स्थित खसरा नम्बर 180/5/क, 180/34, 180/35, 180/36 रकबा 0.0070, 0.0070, 0.0070, 0.0070 हे. भूमि आवेदक के स्वमित्व की भूमि है किन्तु वर्तमान आनलईन अभिलेख में आवेदक को पुराना नाम सुधीर कुमार गुप्ता पिता चुन्नीलाल गुप्ता प्रदर्शित हो रहा है जिसे सुधार कर पिंटू कादरी नाम दर्ज किये जाने हेतु आवेदन पत्र अंतर्गत धारा 115 छ.ग. भू.रा.सं. वास्ते रिकार्ड दूरुस्त किये जाने हेतु आवेदन इस न्यायालय में प्रस्तुत किया है।

उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई दावा/आपत्ति हो तो वह अपना दावा/आपत्ति स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से इस न्यायालय में नियत पेशी दिनांक 26/12/2025 तक प्रस्तुत कर सकते हैं। सुनवाई दिनांक के उपरांत कोई दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 11/12/25 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की सील व मुहर से जारी किया गया।

नायब तहसीलदार, सकरी

कार्यालय छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल प्रक्षेत्र बिलासपुर

आम सूचना

छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल द्वारा पं. दीनदयाल आवास योजनान्तर्गत, सैदा सकरी बिलासपुर में निर्मित भवनों में से भवन क्रमांक एल.आई.जी.-207, आबंटी श्रीमती रमा देवी गौरहा पति स्व.श्री रामलाल गौरहा, को आबंटित है भवन का विक्रय विलेख दिनांक 26.03.2014 को पंजीकृत किया गया है। इसके उपरांत द्वितीय क्रेता द्वारा विलेख दिनांक 08.11.2024 को पंजीकृत कराने के पश्चात उक्त भवन को श्री अमित बघेल पिता श्री गणेश राम बघेल, के नाम पर नामांतरण करने हेतु आवेदन किया गया है।

यदि किसी व्यक्ति/ शासकीय / अर्द्धशासकीय/ संस्था आदि को इस भवन के नामांतरण/ हस्तांतरण के संबंध में किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो वह अधोहस्ताक्षरकर्ता इस कार्यालय में लिखित रूप से मय प्रमाणित दस्तावेज सहित दावा/आपत्ति कर सकता है अन्यथा इस आम सूचना प्रकाशन के 15 दिन के बाद में कोई दावा/आपत्ति मान्य नहीं होगी एवं मण्डल नियमानुसार उनके पक्ष में नामांतरण/हस्तांतरण कार्यवाही की जावेगी।

संपदा अधिकारी
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल
प्रक्षेत्र- बिलासपुर

कार्यालय छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल संपदा प्रबंधन प्रक्षेत्र बिलासपुर

आम सूचना

छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल द्वारा सामान्य आवास योजनान्तर्गत, अभिलाषा परिसर तिफरा बिलासपुर में निर्मित भवनों में से भवन क्रमांक एम.आई.जी-II-03 आबंटी श्रीमती संजया रात्रे पिता स्व. त्रिवेणी प्रसाद रात्रे, को आबंटित है। भवन का विक्रय विलेख दिनांक 21.07.2010 को पंजीकृत किया गया है। इसके उपरांत द्वितीय क्रेता द्वारा विलेख दिनांक 27.11.2025 को पंजीकृत कराने के पश्चात उक्त भवन को श्रीमती अनामिका यादव पति राजीव कुमार यादव, के नाम पर नामांतरण करने हेतु आवेदन किया गया है।

यदि किसी व्यक्ति/ शासकीय / अर्द्धशासकीय/ संस्था आदि को इस भवन के नामांतरण/ हस्तांतरण के संबंध में किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो वह अधोहस्ताक्षरकर्ता इस कार्यालय में लिखित रूप से मय प्रमाणित दस्तावेज सहित दावा/आपत्ति कर सकता है, अन्यथा इस आम सूचना प्रकाशन के 15 दिन के बाद में कोई दावा/आपत्ति मान्य नहीं होगी एवं मण्डल द्वारा नियमानुसार उनके पक्ष में नामांतरण/ हस्तांतरण कार्यवाही की जावेगी।

संपदा अधिकारी
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल
संपदा प्रबंधन प्रक्षेत्र- बिलासपुर

न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार, जिला- बिलासपुर (छ.ग.)

ईश्तहार

क्रमांक/क/अति.तह./ वाचक / 2025
बिलासपुर, दिनांक 05/12/2025

एतद् द्वारा सर्व साधारण ग्राम मंगला के आम जनता को सूचित किया जाता है कि मौजा-मंगला, प.ह.नं. 35 रा.नि.मं. सरकण्डा, तहसील व जिला बिलासपुर (छ.ग) स्थित भूमि खसरा नंबर 524 रकबा 0.7130 हेक्टेयर में से 2000 वर्गफुट भूमि को आवेदिका श्रीमती रमा लदेर पति श्री अमृत लाल लदेर निवासी ढोढ़ीपारा, अप्पू गार्डन के पास, कोरबा, जिला कोरबा (छ.ग.) द्वारा इस न्यायालय मे छ.ग. भू-राजस्व संहिता 1959 की धारा 109, 110 के तहत पंजीकृत विक्रय विलेख के आधार पर नामांतरण किये जाने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है।

अत: जिस किसी भी व्यक्ति / संस्था को दावा/आपत्ति हो तो वे स्वत: या अपने अधिवक्ता के साथ उपस्थित होकर सुनवाई दिनांक 22/12/2025 समय 11:00 बजे उपस्थित होकर दावा / आपत्ति पेश कर सकता है। सुनवाई तारीख के बाद प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 05/12/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के मुहर से जारी किया गया।

अतिरिक्त तहसीलदार
बिलासपुर (छ.ग.)

## खबर संक्षेप

### प्रेस क्लब चुनाव 28 को, गठित होगी नई कार्यकारिणी

**बिलासपुर।** प्रेस क्लब बिलासपुर की कार्यकारिणी के गठन के लिए 28 दिसंबर को एकबार फिर से चुनाव होगा। चुनाव में मतदान करने तथा प्रत्याशी बनने वाले के लिए न्यूनतम 180 दिनों की सदस्यता अनिवार्य होगी। इस संबंध में कलेक्टर के आदेश पर सहायक पंजीयक फर्म एवं संस्थाएं ज्ञान प्रकाश साहू ने आदेश जारी किया है। चुनाव अधिकारी श्री साहू द्वारा 12 दिसंबर को जारी आदेश के अनुसार बिलासपुर प्रेस क्लब की कार्यकारिणी गठन के लिए अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, सचिव, सह सचिव, कोषाध्यक्ष व कार्यकारिणी के सामान्य सदस्य के एक एक पद के लिए मतदान होगा। प्रथम चरण में 15 दिसंबर को मतदाता सूची का प्रारंभिक प्रकाशन किया जाएगा। 16 दिसंबर को प्रारंभिक सूची पर दावा आपत्ति की जा सकेगी। 17 दिसंबर को दावा आपत्ति का निराकरण किया जाएगा। 18 दिसंबर को मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन होगा। 19 दिसंबर की सुबह 10 बजे से सामान्य सभा का आयोजन किया जाएगा। इसी दिन निर्धारित प्रारूप में उम्मीदवारों से नामांकन लिया जाएगा, आवेदनों के परीक्षण के बाद वैध आवेदनों का परीक्षण होगा तथा नाम वापसी की जा सकेगी, इसी दिन प्रत्याशियों को चुनाव चिन्ह आबंटित किए जाएंगे। 28 दिसंबर को पुनः सामान्य सभा का आयोजन होगा, तत्पश्चात सुबह 9 से 4 बजे तक मतदान होगा, मतदान समाप्ति के बाद मतगणना होगी व चुनाव परिणामों की घोषणा की जाएगी।

### विधायक अमर ने 91 लाख रुपए के विकास कार्यों की दी स्वीकृति

**बिलासपुर।** बिलासपुर विधानसभा क्षेत्र में जनसुविधाओं के विस्तार और नागरिक आवश्यकताओं को पूरा करने के



उद्देश्य से विधायक अमर अग्रवाल ने वर्ष 2025–26 की विधायक निधि से कुल 91.50 लाख रुपए के विकास कार्यों की स्वीकृति प्रदान की है। इस राशि से वार्ड 32 के पुलिस लाइन क्षेत्र, महिला थाना के पास स्थित चबूतरे पर 5 लाख रुपए की लागत से छत निर्माण की स्वीकृति प्रदान की गई है। इसी प्रकार वार्ड 37 स्थित डीपी कॉलेज में 25 लाख रुपए की राशि से शेड निर्माण की स्वीकृति दी गई है, जिससे छात्र-छात्राओं को आवश्यक संरचनात्मक सुविधा मिलेगी। हेमूनगर स्थित वार्ड 44 में शासकीय अस्पताल के सामने निर्मित सामुदायिक भवन अन्य निर्माण के लिए 21.50 लाख रुपए स्वीकृत किए गए हैं। उसी वार्ड के शंकर नगर ओवरब्रिज के नीचे 5 लाख रुपए की लागत से स्नानघर, अतिरिक्त कक्ष और बाउंड्रीवाल निर्माण की स्वीकृति प्रदान की गई है। वार्ड 63 के अरविंद नगर, बजरंग चौक क्षेत्र में 10 लाख रुपए की राशि स्वीकृत की गई है। इससे सांस्कृतिक गतिविधियों के लिए एक नया मंच तैयार किया जाएगा। सीएमडी कॉलेज, में कक्ष एवं हॉल निर्माण के लिए 25 लाख रुपए स्वीकृत किए गए हैं, जिससे संस्थान की शिक्षा-सुविधाएं और अधिक सुदृढ़ होंगी।कुल 91.50 लाख रुपए की स्वीकृतियां विविध क्षेत्रों में बुनियादी ढाँचे के विस्तार और नागरिक हितों को ध्यान में रखते हुए प्रदान की गई हैं। विधायक श्री अग्रवाल ने कहा है कि बिलासपुर के सर्वांगीण विकास के लिए इसी प्रकार आवश्यक कार्यों को निरंतर गति दी जाती रहेगी।

### गणना के दौरान नशे में मिला आरक्षक एसएसपी को भेजी जाएगी रिपोर्ट

**बिलासपुर।** लोगों को कानून का पाठ सिखाने वाले पुलिसकर्मी खुद कानून के साथ खिलवाड़ करते हुए वर्दी को धूमिल कर रहे है। ऐसा ही एक मामला सिविल लाइन में सामने आया है। जहां आरक्षक नशे में धूत होकर लाइन की गणना में शामिल हो गया। निरीक्षक ने गणना के दौरान उसकी हालत देख पहले तो मुलायजा कराया और इसकी जानकारी अब एसएसपी को भेजी जा रही है। मामले के अनुसार राजेश साहू सिविल लाइन थाना क्षेत्र के लाइन में तैनात है। शुक्रवार को वह लाइन गणना में शामिल हुआ, इस दौरान वह वर्दी में नशे की हालत में गणना में शामिल रहा, आरआई भूपेन्द्र गुप्ता ने उसे देखा और फटकार लगाते हुए उसका मुलायजा कराया। इस दौरान वह पूरी तरह से नशे में था। आरआई ने मुलायजा के साथ प्रतिवेदन तैयार का एसएसपी को भेज दी है। खास बात यह है कि पुलिस महकमा लगातार सार्वजनिक जगहों पर नशाखोरी करने वालों की धरपकड़ कर कार्रवाई कर रही है, वहीं पुलिस की छवि को धूमिल करते हुए आरक्षक नशे की हालत में लाइन गणना में शामिल होने की बात सामने आते ही पुलिस की फजीहत हो रही है।

### श्री संतगुरू कबीर धर्मदास वंशावली का संत समागम समारोह कल




**बिलासपुर।** श्री संतगुरू कबीर धर्मदास वंशावली के तत्वावधान में 14 दिसंबर को एक दिवसीय संत समागम समारोह का आयोजन साइंस कालेज सरकंडा में किया जा रहा है। इसमें दामाखेड़ा से पंथ श्री उदितमुनिनाम साहब का प्रथम आगमन होगा। समारोह का शुभारंभ सुबह 8 बजे गुरू महीमा पाठ, 9 बजे से भजन सत्संग महंत राजू दास द्वारा दोपहर 12 बजे से पंथ श्री उदितमुनि नाम साहब का आगमन एवं भव्य शोभा यात्रा, कलश यात्रा के साथ उदितमुनी नाम का सभी कबीर पंथियों को आशीर्वाचन, दर्शन एवं भेंट बंदगी होगी। दोपहर 12 बजे से भंडारा होगा। इस कार्यक्रम में पंथ श्री उदितमुनी नाम साहब के दर्शन बंदगी, आर्शीवचन तथा सत्संग का अवसर प्राप्त होगा। आयोजन को सफल बनाने में थानू साहू, गणेश साहू, सेवक साहू, राजकुमार मानिकपुरी, ईश्वर दास, महंत शिवदास, राकेश मानिकपुरी, सीडी मानिकपुरी, बहोरन दास, पूरनदास, दीपक, रमन आदि आवश्यक तैयारी में जुटे हैं।

### पुत्रवधू सम्मान 21 को, सास-ससुर के साथ रह रहीं बहुओं का होगा सम्मान

**बिलासपुर।** अखिल भारतीय कसौंधन वैश्य महासभा ने पुत्र वधुओं को सम्मानित कर एक नई पहल शुरू की है। कसौंधन वैश्य समाज द्वारा सामाजिक मंच पर उन पुत्रवधुओं को सम्मानित किया जाएगा जो 10 साल या इससे अधिक समय से संयुक्त परिवार में सास-ससुर सहित परिजनों के साथ रह रही हैं। कार्यक्रम का उद्देश्य संयुक्त परिवार को बढ़ावा देना है। एकल परिवार की प्रथा को तोड़ने और बहू के आत्मसम्मान को बनाए रखना है। बहुओं के साथ-साथ आने वाली पीढ़ी की बेटियां भी यह समझ जाएं कि बेटी रिश्तेदारी तक और बहू बुजुर्ग होने तक साथ रहती है। किशोरी शरण गुप्ता ने बताया कि इस कार्यक्रम मे भाग लेने के लिए फार्म मे संयुक्त परिवार का नाम, उम्र, शिक्षा, पारिवारिक फोटोग्राफ, वर्तमान पता, मोबाईल नंबर और कितने वर्षों से एक साथ रह रहे हैं इसका विवरण मांगा गया है। चयनित बहुओं को सामाजिक मंच मे 21 दिसम्बर को कसौंधन समाज भवन कर्बला रोड, पुराना बस स्टैंड में सम्मान के लिए चुना जाएगा। भाग लेने के लिए प्रवेश की अंतिम तिथि 15 दिसंबर है।

**रोटरी क्लब ने गार्डन का संचालन छोड़ा** | **अमृत मित्र योजना में किया गया दीनदयाल गार्डन को शामिल**

# महिला स्व सहायता समूह करेगा व्यापार विहार के दीनदयाल गार्डन का संचालन

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

व्यापार विहार स्थित दीनदयाल गार्डन के संचालन से रोटरी क्लब ने हाथ खींच लिया है। फिलहाल नगर निगम ने गार्डन को अपने हाथों में ले लिया है, लेकिन जल्द ही दीनदयाल गार्डन का संचालन महिला स्वसहायता समूह के हाथों में दिया जाएगा, क्योंकि इस गार्डन को शासन के अमृत मित्र योजना में शामिल कर लिया गया है।

व्यापार विहार के पं. दीनदयाल गार्डन का संचालन वर्तमान में नगर निगम द्वारा किया जा रहा है और जल्द ही इस गार्डन को अमृत मित्र योजना तहत महिला स्व सहायता समूह के हाथों में सौंपा जाएगा। नगर निगम द्वारा लाखों रुपए खर्च कर व्यापार विहार स्थित दीनदयाल गार्डन को फन पार्क के रूप में बनवाया गया था और साज-सज्जा के साथ सौंद्रर्यीकरण के कार्य कराए गए थे। इस गार्डन को रोटरी क्लब को संचालन के लिए दे दिया गया था, इसलिए रोटरी गार्डन के नाम से भी इसे जाना जाने लगा था। रोटरी क्लब की ओर से गार्डन में खर्च कर इसे फन पार्क का रूप देने योगदान दिया गया था। गार्डन के आधे हिस्से में बच्चों के मनोरंजन खेलकूद, झूला इत्यादि रखा गया है। गार्डन में कैफेटेरिया बनवाया गया है जो बंद पड़ा है। कैफेटेरिया के बगल में बापू की कुटिया है, जिसमें सीनियर सिटीजन सुबह के समय योगा करने आते हैं। गार्डन का फाउंटेन भी बंद पड़ा है और गार्डन भीतर पानी सप्लाई पाइप लाइन लिकेज होने से पानी बह रहा है। गार्डन में लाईटिंग की व्यवस्था बनाई गई थी, किन्तु कई जगहों की लाइटें खराब हो चुकी हैं, जिससे गार्डन में कहीं रौशनी तो रात के समय कहीं अंधेरा रहता है। गार्डन में साफ-सफाई का अभाव दिख रहा है, क्योंकि गार्डन के पेड़, पोधों के सूखे पत्तों का जगह-जगह ढेर पड़ा हुआ है।





#### ये है अमृत मित्र योजना

अमृत मित्र योजना भारत सरकार के आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय द्वारा शुरू की गई योजना है जो अटल कायाकल्प व शहरी परिवर्तन मिशन 2.0 का घटक है। इसका मुख्य उद्देश्य जल प्रबंधन और शहरी विकास से संबंधित परियोजनाओं में महिला स्वयं सहायता समूहों को शामिल करके उन्हें सशक्त बनाना है। यह महिला स्व सहायता समूहों के लिए स्थाई आजीविका के अवसर पैदा करती है और जल बुनियादी ढांचे के संबंध में उनमें स्वामित्व और जिम्मेदारी की भावना को प्रोत्साहित करती है। व्यापार विहार स्थित पं. दीनदयाल गार्डन को नगर निगम ने शासन ने अमृत मित्र योजना में शामिल कर लिया है, जिसके अंतर्गत गार्डन का संचालन अब महिला स्व सहायता समूहों को दिया जाएगा।

#### शाम को लगता है 10 रुपए एंट्री व 10 रुपए पार्किंग शुल्क

दीनदयाल गार्डन में सुबह के समय एंट्री फ्री रहता है, उसके बाद सुबह 10 बजे गार्डन को बंद कर दिया जाता है। दोपहर में गार्डन बंद रखा जाता है और शाम 4 बजे से रात 8 बजे तक गार्डन खुला रहता है। गार्डन में शाम को 10 रुपए एंट्री फीस तथा 10 रुपए वाहन पार्किंग फीस रखा गया था। लेकिन उतना ज्यादा लोग गार्डन में नहीं आ रहे थे इसलिए गार्डन से उतनी कमाई नहीं हो पा रही थी। रोटरी क्लब द्वारा गार्डन में काफी खर्च किया गया था, किन्तु आगे फंड के अभाव में रोटरी क्लब से दीनदयाल गार्डन के संचालन से हाथ खड़े कर दिया। इसलिए अब नगर निगम द्वारा चलाया जा रहा है।

#### सभी काम कराए जाएंगे

व्यापार विहार स्थित पं. दीनदयाल गार्डन का संचालन पहले रोटरी क्लब द्वारा किया जा रहा था। लेकिन रोटरी क्लब गार्डन नहीं चला पा रहा था, इसलिए रोटरी क्लब ने गार्डन का संचालन छोड़ दिया है। वर्तमान में नगर निगम द्वारा दीनदयाल गार्डन का संचालन अपने हाथों में लिया गया है और जो भी वहां पर काम होगा उसे ठीक कराया जाएगा।

**-खंजाची कुम्हार,** अपर आयुक्त, ननि

#### चल रही है प्रक्रिया

व्यापार विहार के दीनदयाल गार्डन का संचालन फंड नहीं होने के कारण रोटरी क्लब ने नगर निगम को सौंप दिया है। इस गार्डन को शासन के अमृत मित्र योजना में शामिल कर महिला स्व सहायता समूह के हाथों में दिया जाएगा। इसके लिए प्रक्रिया चल रही है और निगम जोन चार अंतर्गत किसी एक महिला स्व सहायता समूह को यह काम सौपेंगे।

**-श्रीकांत नायर,** उद्यान प्रभारी, ननि

**एसआईआर में गड़बड़ी का लगाया आरोप**

# जांच की मांग को लेकर कांग्रेस ने की कलेक्टर से मुलाकात



**बिलासपुर।** एसआईआर में गड़बड़ी की जांच की मांग को लेकर कांग्रेस पार्टी ने जिला व कांग्रेस कमेटी के पूर्व अध्यक्षों व वर्तमान अध्यक्ष की अगुवाई में कांग्रेस का एक प्रतिनिधि मंडल कलेक्टर व जिला निर्वाचन अधिकारी संजय अग्रवाल से मुलाकात की।

इस अवसर पर नगर निगम कमिश्नर अमित कुमार, एडीएम बनर्जी व कांग्रेस के प्रतिनिधि मण्डल में पार्षदों के अलावा ब्लाक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष भी शामिल थे। कलेक्टर ने गड़बड़ी की जांच के लिए सीईओ ( चीफ़ इलेक्शन ऑफिसर ) रायपुर को जांच कराने का आश्वासन दिया। जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष महेंद्र गंगोत्री ने कलेक्टर को बताया कि कांग्रेस नेता विजय केशरवानी बचपन से बिलासपुर में निवासरत हैं। एसआईआर फार्म भरने के लिए बिलासपुर के वोटर लिस्ट 2003 का अवलोकन किया तो उनका नाम मिला लेकिन भिलाई नगर निगम के वार्ड क्रमांक 54 के मतदाता सूची में किस आधार पे नाम पाया गया, और मतदाता सूची में मैपिंग की गई जबकि विजय केशरवानी कभी भी बिलासपुर के अतिरिक्त अन्य जगह पर वोट नहीं किया है। कलेक्टर व जिला निर्वाचन अधिकारी ने कांग्रेसजनों से रायपुर सीईओ कार्यालय को शिकायत पत्र भेजते हुए जांच कराने का आश्वासन दिया है।

वार्ड पार्षदों ने एसआईआर में आ रही दिक्कतों का हवाला दिया और जरुरी सुधार की बात कही। जिला कांग्रेस कमेटी के पूर्व अध्यक्ष विजय केशरवानी ने कहा कि एसआईआर में क्या इसी तरह का गफलत किया जा रहा है। अगर ऐसा हो रहा है तो यह गंभीर लापरवाही है। प्रतिनिधि मंडल में ज़िला कांग्रेस अध्यक्ष महेंद्र गंगोत्री, शहर अध्यक्ष सुधांशु मिश्रा, विजय केशरवानी, विजय पांडे, भारत कश्यप, ऋषि पांडे, लक्ष्मीनाथ साहू, राजेंद्र धीवर, गीतांजलि कौशिक, जावेद मेनन, विनोद शाहू, शहज़ादी क़ुरैशी, अमित भारती, इब्राहिम ख़ान (अब्दुल ) मनहरण कौशिक, मोहन श्रीवास, सुनील सोनकर, रामा बघेल, जुगल किशोर गोयल, ओम कश्यप, अनीता हिमांशु कश्यप आदि उपस्थित थे

# संघर्ष समिति के साथ तोखन ने की रक्षा राज्य मंत्री सेठ से मुलाकात



हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

हवाई सुविधा जन संघर्ष समिति ने शुक्रवार को राज्य मंत्री तोखन साहू के साथ रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ से मुलाकात की। समिति द्वारा बिलासा एयरपोर्ट के लिए 290 एकड़ भूमि के संबंध में हो रही देरी को लेकर ध्यानाकर्षण किया।

समिति ने 290 एकड़ जमीन के अविलंब हस्तांतरित करने व शेष बची 722 एकड़ जमीन के मसले को हल करने को लेकर राज्य मंत्री तोखन साहू के साथ रक्षा राज्य मंत्री से मुलाकात की। इस दौरान रक्षा राज्य मंत्री ने सकारात्मक रूप दर्शाते हुए कहा कि डबल इंजन सरकार है और उन्होंने कहा कि सरकार से सरकार के बीच जमीन का हस्तांतरण होना चाहिए। धनराशि या ब्याज के मुद्दे पर जमीन का हस्तांतरण में देरी नहीं होना चाहिए। उन्होंने स्वयं ही रक्षा विभाग के संयुक्त सचिव से चर्चा करने की बात कही।

- **एयरपोर्ट के लिए 290 एकड़ भूमि की मांग की बुलंद**

हवाई सुविधा जन संघर्ष समिति ने अपने दो दिन के दिल्ली प्रवास में राज्य मंत्री तोखन साहू के सहयोग से नागरिक उड्डयन मंत्री और रक्षा राज्य मंत्री दोनों से मुलाकात के साथ ही सार्थक चर्चा की। इस दौरान समिति के सदस्यों के रामशरण यादव, परसराम केवट, बद्री प्रसाद केवट, मनोज श्रीवास, दीपक कश्यप, समीर अहमद बबला, बद्री यादव, शेख नजीरूद्दीन, डॉ सोमनाथ यादव, शिरीष कश्यप, गोपी राव, अकील अली, प्रशांत सिंह, अशोक भंडारी, विजय वर्मा, प्रकाश बहरानी, आशीष खत्री और सुदीप श्रीवास्तव शामिल थे।

# ब्रेल प्रकाशन और उपलब्धियों पर मिला सम्मान

**बिलासपुर।** छत्तीसगढ़ रजत जंयती वर्ष 2025 के अवसर पर विशेष उपलब्धियों को प्रदर्शित करते हुये विशेष सप्ताह का आयोजन किया जा रहा है।

इसी क्रम में ब्रेल लिपि के प्रकाशन एवं उपलब्धियों पर आधारित विशेष कार्यक्रम का आयोजन उपनियंत्रक ब्रेल प्रेस कार्यालय में किया गया। कार्यक्रम में संभागायुक्त सुनील जैन ने ब्रेल प्रेस के कार्यक्रम की प्रशंसा करते हुए पूरी यूनिट का भी अवलोकन किया। समाज कल्याण विभाग के संयुक्त संचालक टी.पी. भावे ने कहा कि दृष्टिबाधितों को शासन भर्ती, पदोन्नति एवं योजनाओं के माध्यम से सुविधाएं दे रहा है, जो इनके रोजगार-स्वरोजगार का मार्ग प्रशस्त करती है। जिला पंचायत सदस्य राधा खिलावन पटेल एवं अरूणा चंद्रप्रकाश सूर्या, चंद्रप्रकाश सूर्या विशेष अतिथि थे। लायंस क्लब द्वारा छात्र-छात्राओं को गरम टोपी एवं मिष्ठान वितरण किया गया। नगर निगम में कार्यरत तीन दृष्टिबाधित कर्मचारी राकेश साहू, मनोज खाण्डे, अमित कोरी को सहायक राजस्व निरीक्षक पदोन्नति उपरांत संभागायुक्त श्री जैन द्वारा प्रशस्ति पत्र एवं प्रतीक चिन्ह से सम्मानित किया गया। इस अवसर पर बबीता कमलेश, प्रशांत मोकासे, उत्तमराव माथनकर, लीलाधर भांगे, सरस्वती जायसवाल, हर्ष पाण्डेय, रमेश अग्रवाल, मनजीत अरोरा, अरविंद गर्ग, प्रशांत द्विवेदी, प्रदीप शर्मा, सुश्री बीना दीक्षित, संजय खुराना, दीक्षांत पटेल, अशोक अग्रवाल, आरजे सिंह, ज्योती तिवारी, संतोष सामंत, राजेश सिंह, बसंत श्रीवास, संतोष देवांगन, रमाशंकर शुक्ला, दुर्गेश धीवर, रेखा चौहान, पूर्णिमा पाण्डेय, अंजनी बर्मन, शालिनी त्रिपाठी, नीतू दीवान, बलराम धीवर, अंहिल्या यादव आदि का सहयोग रहा।



### गांव-गांव में आयुष्मान कार्ड बनाया जाएगा

**बिलासपुर।** आयुषमान कार्ड बनाने के लिए अब गांव-गांव अभियान चलाकर युवोदय के युवाओं द्वारा आयुष्मान कार्ड बनाया जाएगा। इस संबंध में कलेक्टर संजय अग्रवाल के निर्देशानुसार युवोदय के युवाओं द्वारा अब गाँव–गाँव में आयुष्मान कार्ड बनाया जाएगा। 12 दिसंबर को सीएमएचओ एवं सचिव रेडक्रास की डा. शुभा गरेवाल के निर्देशन में आयुष्मान कार्ड बनाने प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम जिला रेडक्रॉस के सहयोग से आयोजित किया गया। इस प्रशिक्षण में शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों से युवोदय योजना से जुड़े कुल 43 युवाओं ने भाग लिया। प्रशिक्षक गिरीश चंद्र दुबे ने प्रतिभागियों को आयुष्मान कार्ड बनाने की संपूर्ण प्रक्रिया, पात्रता मानदंड और आवश्यक दस्तावेजों की जानकारी दी। राजीव अवस्थी ने युवोदय योजना के उद्देश्य, लाभ एवं कार्यप्रणाली संबंधी महत्वपूर्ण जानकारी दी।

**20 हजार परीक्षार्थी हो रहे शामिल, दो शिफ्ट में हो रही परीक्षा**

# कालेजों में सेमेस्टर एग्जाम शुरू, 65 कालेजों में बनाए गए परीक्षा केंद्र

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

अटल यूनिवर्सिटी द्वारा आयोजित फर्स्ट एवं थर्ड सेमेस्टर एग्जाम शुक्रवार से शुरू हो गए हैं। इस परीक्षा में लगभग 20 हजार परीक्षार्थी शामिल हो रहे हैं। यूनिवर्सिटी द्वारा सेमेस्टर परीक्षा के लिए 65 कालेजों को परीक्षा सेंटर बनाया गया है और दो पालियों में परीक्षा चल रही है।

नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति लागू होने के बाद सेमेस्टर सिस्टम से कालेजों में परीक्षा हो रही है। अटल यूनिवर्सिटी द्वारा नए शिक्षण सत्र का पहला सेमेस्टर एग्जाम आयोजित किया जा रहा है, जिसमें लगभग 20 हजार परीक्षार्थी शामिल हो रहे हैं। फर्स्ट व थर्ड सेमेस्टर एग्जाम के लिए यूनिवर्सिटी द्वारा गवर्नमेंट व प्राईवेट मिलाकर 65 कालेजों को परीक्षा सेंटर बनाया गया है। परीक्षा दो पालियों में हो संचालित हो रही है, जिसमें पहले पाली में सुबह 8 बजे से 11 बजे तक और दूसरे पाली में दोपहर 2 बजे से शाम 5 बजे तक परीक्षा हो रही है। पहले 28 नवंबर से यह सेमेस्टर एग्जाम होना था, किन्तु पिछले माह यूनिवर्सिटी की मिटिंग में कालेजों के प्राचार्यो ने कोर्स पूरा नहीं हो पाने के कारण नवंबर माह में सेमेस्टर परीक्षा लेने में असमर्थता जताई थी, जिसके बाद यूनिवर्सिटी ने 12 दिसंबर से सेमेस्टर परीक्षा आयोजित करने का निर्णय लिया था।



#### परीक्षा समय में परिवर्तन का सुझाव

ठंडी के मौसम को देखते हुए सेमेस्टर एग्जाम को लेकर कालेजों के प्राचार्यो की ओर से यूनिवर्सिटी को परीक्षा के समय में परिवर्तन करने का सुझाव दिया गया था। प्रथम पाली सुबह 7 बजे के बजाए सुबह 8 बजे से परीक्षा आयोजित किए जाने का सुझाव दिया गया था। प्राचार्यो का कहना था सुबह बहुत ठंडी रहती है जिससे परीक्षार्थियों को सुबह जल्दी उठने और परीक्षा दिलाने आने में परेशानी होगी। यूनिवर्सिटी ने इस सुझाव को मानते हुए प्रथम पाली की परीक्षा सुबह 8 बजे से आयोजित कर रही है।

#### दो शिफ्ट में हो रही परीक्षा

यूनिवर्सिटी की ओर से आयोजित सेमेस्टर परीक्षा शुरू हो गई है। परीक्षा दो शिफ्ट में हो रही है और पहले दिन की परीक्षा शांतिपूर्वक हुई है। इस परीक्षा के लिए 65 परीक्षा केन्द्र बनाए गए हैं।

**-रामेश्वर राठौर,** असिस्टेंट रजिस्ट्रार परीक्षा, एयू

**भारतीय नगर मुक्तिधाम में सौंदर्यीकरण**

# निगम आयुक्त व अग्रवाल सेवा समिति के सदस्य पहुंचे देखने



**बिलासपुर।** आम नागरिकों की सुविधा के लिए भारतीय नगर मुक्तिधाम में अग्रवाल सेवा समिति एवं जन सहयोग से चल रहे विकास कार्य और सौंदर्यीकरण को देखने शुक्रवार को नगर निगम आयुक्त और समिति के सदस्य यहां पहुंचे। अग्रवाल सेवा समिति के सदस्य मनीष अग्रवाल ने बताया कि भारतीय नगर मुक्तिधाम को संवारने के साथ साथ अंतिम यात्रा पर पहुंचने वाले लोगों को सुव्यवस्थित सुसज्जित हरियालीयुक्त वातावरण मिले इसी संकल्प के साथ अग्रवाल सेवा समिति के तत्वावधान में भारतीय नगर मुक्तिधाम के संधारण जीर्णोधार का कार्य किया जा रहा है। मुक्तिधाम में किए गए काम सामाजिक दानदाताओं के सहयोग से चल रहा। इस निर्माण कार्य में रोटरी क्लब का भी सहयोग प्राप्त है। वर्तमान में अग्रवाल सेवा समिति द्वारा भारती नगर मुक्तिधाम में व्यवस्थित गार्डन, पार्किंग, ग्रेनाइट मार्बलयुक्त शैड बैठक का निर्माण, अंत्येष्टि चबूतरा निर्माण दशगात्र एवं अन्य कार्यों के लिए बैठक व्यवस्था लाइट, पंखा, वाटर कूलर फव्वारा, फूल पौधे गमले युक्त पौधरोपण, बाथरूम स्नानघर के साथ-साथ मुक्तिधाम परिसर में सीसी रोड का निर्माण भी किया जा रहा। पूरे एरिया में सीसीटीवी कैमरा लगाकर सुरक्षित कर परमानेंट शिप्ट वाइज सुरक्षागार्ड, माली, पर्सनल सफाई कर्मी, अंतिम क्रिया के लिए सहयोग करने लेबर व्यवस्था सभी आवश्यक सुविधाए मुहैया कराई जा रही है।

#### अग्रवाल सेवा समिति ने उठाई जिम्मेदारी

श्री अग्रवाल ने बताया कि अग्रवाल सेवा समिति सामाजिक सहयोग से मुक्तिधाम के रखरखाव की जिम्मेदारी उठाई है। इस सेवा समिति में 6 सदस्य टीम आनंद अग्रवाल सीए, संजय अग्रवाल,राजुल जाजोदिया सीए, मनीष अग्रवाल पूर्व एल्डरमैन, अजय जाजोदिया, अनिल अग्रवाल सहित अग्रवाल सभा के अध्यक्ष शिव अग्रवाल, सचिव सुनील सोंथालिया के संयुक्त प्रयास एवं निर्णय से कार्य संपादित किया जा रहा है। प्रत्येक सप्ताह सेवा समिति एवं श्रम सेवा देने वाले सदस्य वहां पहुंचकर कार्यों को देखरेख एवं अपनी सेवाएं देते हैं। अग्रवाल सेवा समिति के सदस्य मनीष अग्रवाल ने बताया कि समिति का यही प्रयास है की व्यवस्थित सुंदर मुक्तिधाम सदैव सभी के लिए सुलभ सुविधाजनक बने रहे। अंतिम यात्रा में आने वाले आम नागरिकों से यह आग्रह करते हैं की साफ सफाई एवं निर्धारित पार्किंग व्यवस्था में अपना सहयोग निरंतर बनाए रखें।

## खबर संक्षेप

### उद्यानिकी महाविद्यालय में खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन



**बिल्हा।** उद्यानिकी महाविद्यालय एवं अनुसंधान केंद्र हथनी में 11 एवं 12 दिसम्बर को दो दिवसीय अंतर कक्षा खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन अधिष्ठाता डॉ तोरन लाल साहू के मार्गदर्शन में किया गया। कार्यक्रम के उद्घाटन पर डॉ साहू ने छात्रों को खेल भावना, स्वास्थ्य एवं टीम वर्क के महत्व के बारे में बताते हुए कहा कि, खेल शिक्षा का अभिन्न हिस्सा है, और छात्रों के सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। इस दौरान कबड्डी, वॉलीबॉल, दौड़, लंबी कूद, गोला एवं भाला फेंक, बैडमिंटन आदि खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया, जिनमें सभी कक्षाओं के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। समापन पर कार्यक्रम को सफल बनाने में सहयोग देने वाले शिक्षकों, कर्मचारियों एवं विद्यार्थियों का आभार व्यक्त किया गया।

### कोटपा एक्ट के तहत की गई कार्रवाई




**मुंगेली।** राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम अंतर्गत कलेक्टर कुन्दन कुमार के निर्देशानुसार तंबाकू मुक्त मुंगेली की दिशा में ठोस कदम उठाते हुए कोटपा एक्ट के तहत लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसके तहत मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ शीला साहा के मार्गदर्शन में प्रवर्तन दल ने ग्राम दशरंगपुर में कोटपा एक्ट के धारा 4 एवं 6 के तहत 23 दुकानों मे कार्रवाई की। इनमें से 13 दुकानों में चेतावनी देकर छोडा गया तथा शेष 10 दुकानों में 800 रूपए की चालानी कार्रवाई की गई। इसी क्रम में पड़ाव चौक मुंगेली स्थित 22 दुकानों में कोटपा एक्ट के उल्लंघन पर 1 हजार 300 रुपए की चालानी कार्रवाई की गई।

### स्कूलों नें दिया गया मृदा स्वास्थ्य संबंधी प्रशिक्षण



**मुंगेली।** भारत सरकार एवं राज्य सरकार के निर्देशानुसार तथा कलेक्टर कुंदन कुमार के मार्गदर्शन में विश्व मृदा दिवस के अंतर्गत 5 से 12 दिसम्बर तक जिले की पीएमश्री स्कूलों में स्कूल सॉयल हेल्थ एंड फर्टिलिटी योजना के तहत 'स्कूल सॉयल हेल्थ प्रोग्राम' संचालित किया जा गया। सहायक मिट्टी परीक्षण अधिकारी धरमपुरा मुंगेली ने बताया कि, पीएमश्री आत्मानंद विद्यालय पथरिया तथा पीएमश्री बीआर साव हिंदी माध्यमिक विद्यालय मुंगेली में छात्र–छात्राओं एवं शिक्षकों को मिट्टी स्वास्थ्य संबंधी विस्तृत प्रशिक्षण दिया गया। विद्यार्थियों को खेत में जाकर मृदा नमूना लेने की विधि का व्यवहारिक प्रदर्शन भी कराया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों में मिट्टी संरक्षण, मृदा स्वास्थ्य, पोषक तत्वों की कमी की पहचान कर संतुलित उर्वरक उपयोग एवं पर्यावरणीय जागरूकता बढ़ाना है। प्रशिक्षण के दौरान सहायक मिट्टी परीक्षण अधिकारी मनहरण कुर्रे ने मृदा दिवस का महत्व बताते हुए कहा कि, मृदा में पोषक तत्वों की कमी निरंतर बढ़ रही है, इसलिए इसके संरक्षण और सही प्रबंधन को लेकर जागरूक होना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने बताया कि, इस कार्यक्रम के अंतर्गत विद्यार्थी किसानों के खेतों से मिट्टी के नमूने एकत्र करेंगे, उनका परीक्षण करेंगे और मृदा स्वास्थ्य कार्ड बनाकर किसानों को स्वयं सौंपेंगे। इससे छात्रों में आलोचनात्मक चिंतन, समस्या समाधान कौशल एवं पारिस्थितिकी तंत्र की समझ विकसित होगी।

### पहली बार देखने को मिल रहा आईपीएल की तर्ज पर क्रिकेट : वर्षा



**लोरमी।** नगर के हाई स्कूल मैदान में आईपीएल की तर्ज पर एमएलए कप क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें 16 टीमें भाग ले रही हैं। एमएलए कप 2025 का 4 दिसम्बर को शुभारंभ किया गया एवं प्रतियोगिता का पहला मैच 5 दिसंबर को खेला गया। प्रतियोगिता में जपं अध्यक्ष वर्षा विक्रम सिंह व उपाध्यक्ष राजेन्द्र साहू, सहित जपं सदस्य बबीता बंजारा, उत्तम साहू, मूलचन्द डाहिरे, मदन चंद्राकर, सुजीत भार्गव, सुरेंद्र मरावी व सचिन सलुजा शामिल हुए। द इस दौरान खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन बढाते हुए जपं अध्यक्ष वर्षा विक्रम सिंह ने कहा कि, एमएलए कप शानदार आयोजन किया जा रहा है, ऐसा आयोजन नगर में पहली बार देखने को मिल रहा है। जपं उपाध्यक्ष राजेन्द्र साहू ने कहा कि, आयोजन की जितनी तारीफ किया जाए कम है। आयोजन को सफल बनाने में विराग शुक्ला, सागर रजक, राजू राजपूत, सोमू परिहार, सुनील यादव, शशांक वैष्णव, समीर पाठक, श्रेय त्रिपाठी, अवध त्रिपाठी, अंशुमान दुबे, भूपेन्द्र वैष्णव, अभिषेक कश्यप, चंदन मौर्य, मोनू ठाकुर, प्रमोद, कृष्ण कुमार, पिन्टू, लव, कमलेश, आकिब, पप्पू, जित्तू कान्हा, बिट्टू ठाकुर आदि जुटे हुए हैं।

### नदी का बिगड़ रहा स्वरूप जगह-जगह गहरे गड्ढे

# खारून नदी में हो रहा रेत का अवैध खनन, माफिया बेखौफ

हरिभूमि न्यूज ⏭ रतनपुर

खूंटाघाट से निकलकर ग्राम खैरखुड़ी, सरवनदेवरी, गढ़वट और लखराम होकर बहने वाली खारून नदी में इन दिनों रेत माफिया बेखौफ होकर बड़े पैमाने पर रेत का अवैध उत्खनन कर रहे हैं।

- खुलेआम नियमों की उड़ रही धज्जियां, नींद में विभाग

स्थानीय लोगों के अनुसार यह अवैध कारोबार बिना रोक-टोक लगातार जारी है। लोगों ने बताया कि, रतनपुर पुलिस की ओर से भी क्षेत्र में हो रहे अवैध उत्खनन एवं रेत का परिवहन करने वाले वाहनों पर कोई कार्रवाई नहीं की जाती। नदी क्षेत्र के कई हिस्सों में बड़ी-बड़ी मशीनें और जीसीबी लगाकर खुदाई की जाती है और हर दिन सैकड़ों की संख्या में रेत से भरे निकलते ट्रैक्टर व हाइवा देखे जा रहे हैं।



नदी से रेत निकालते मजदूर।

### तड़के सुबह से रात देर तक उत्खनन

ग्रामीणों का आरोप है कि, रोज सुबह 5 बजे से लेकर देर रात तक ट्रैक्टर और हाइवा रेत ढोते रहते हैं। इन सबके बीच खनिज विभाग के अधिकारी पूरी तरह निष्क्रिय नजर आते हैं। कभी-कभार छोटे वाहनों पर कार्रवाई दिखा कर खानापूर्ति कर विभाग अपनी पीठ थपथपाता नजर आता है, लेकिन बड़े स्तर पर अवैध खनन बेखौफ जारी है।

### माफिया के हौसले बुलंद

स्थानीय लोगों का कहना है कि, रेत माफिया खुलेआम नदी में मगरमच्छ की तरह गोते लगाते नजर आते हैं, लेकिन खनिज विभाग को यह सब दिखाई नहीं देता। विभागीय सेटिंग और अधिकारियों व माफियाओं की मिलीभगत की चर्चा क्षेत्र में आम है। सूत्रों के अनुसार नियम-कानूनों की पूरी तरह अनदेखी कर अवैध उत्खनन का खेल लंबे समय से चल रहा है। न तो पर्यावरणीय मानकों का पालन हो रहा है, न ही मशीनों के प्रयोग पर रोक लगाई जा रही है। खनिज विभाग की उदासीनता के चलते रेत का यह अवैध कारोबार निरंतर बढ़ता जा रहा है।

### ग्रामीणों ने की कड़ी कार्रवाई की मांग

ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि, खारून नदी को हो रहे इस गंभीर नुकसान को रोकने के लिए तत्काल प्रभावी कार्रवाई की जाए। अवैध उत्खनन पर सख्त प्रतिबंध लगाया जाए और इसमें शामिल अधिकारियों की भूमिका की जांच हो।

### नदी का बिगड़ रहा स्वरूप, जगह-जगह गड्ढे

लगातार हो रहे अवैध उत्खनन ने खारून नदी का प्राकृतिक स्वरूप पूरी तरह बदल दिया है। नदी किनारों पर रेत के पहाड़ जमा हो गए हैं, और कई जगहों पर गहरे गड्ढे बन चुके हैं, जिससे नदी का पर्यावरण और जलस्रोत गंभीर खतरे में हैं।

### एनीकट का गेट तोड़कर किया गया पानी खाली

चौंकाने वाली बात यह है कि, सरवनदेवरी के पास बने एनीकट के गेट को रेत माफियाओं ने तोड़ दिया, जिससे नदी का पानी तेजी से बाहर निकल गया। स्थानीय ग्रामीणों का कहना है कि, पानी खाली होने से मशीनों के लिए रेत निकालना आसान हो जाता है, और इसी वजह से एनीकट को नुकसान पहुंचाया गया है।



## न्योता भोज में शामिल हुए कलेक्टर, एसपी

**लोरमी।** ग्राम पंचायत सेमरसल स्थित शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला सिद्धमुनि बाबा में न्योता भोज कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें कलेक्टर कुंदन कुमार व एसपी भोजराम पटेल शामिल हुए और स्वादिष्ट भोजन का आनंद लिया। न्योता भोज कार्यक्रम में कलेक्टर और एसपी ने सभी अधिकारी व शिक्षकों के साथ जमीन पर बैठकर पारंपरिक तरीके से भोजन ग्रहण किया। बच्चों के परोसे गए पकवानों को कलेक्टर ने स्वादिष्ट बताया और समय-समय पर इस प्रकार के आयोजन का आह्वान किया।

- सभी के साथ किए भोजन, बच्चों को दिए सफलता के मंत्र

कलेक्टर कुंदन कुमार ने बच्चों को मोबाइल से दूर रहने किताब से दोस्ती करने और अपने संस्कृति संस्कारों का सम्मान करते हुए सतत विद्या अध्ययन में लगे रहने की प्रेरणा दी। एसपी भोजराम पटेल ने कहा कि, यही समय है जब बच्चों के जीवन में शिक्षा और संस्कार डाला जा सकता है। सेमरसल में शिक्षा का वातावरण सकारात्मक ऊर्जा का है निश्चित ही सफल बच्चे आगे चलकर बड़ी कामयाबी हासिल करेंगे। न्योता भोज का आयोजन करने वाले थाना प्रभारी नंदलाल पैकरा और महेश राज की सराहना करते हुए कलेक्टर व एसपी ने बच्चों को इनाम के रूप में कॉपी व पेन का वितरण किया। इस अवसर पर बीईओ मनीषा पाटले, एबीईओ सुनील शर्मा, प्रधानपाठक आत्माराम कश्यप, आरती गुप्ता, पुष्पा चतुर्वेदी, ललिता शर्मा, राजकुमार कश्यप, उमाशंकर सिंह, कमलकांत पांडेय, मेखला मसीह, अनूप कुजूर, रामनिवास फौजी, अशोक सिंह, सरपंच नरेंद्र मरावी, अरुण साहू, राकेश जायसवाल, शाला प्रबंधन समिति से महेत्तर कश्यप, गिरधर दीक्षित, दुर्गेश कश्यप व प्रधानपाठक आत्माराम कश्यप, फत्तेराम कश्यप, द्वारिका दास वैष्णव, बाल कैबिनेट से परमेश्वरी साहू, सोमेश्वर पटेल, नंदनी निषाद, दामिनी, मेघा, ममता पटेल, दिव्या निषाद, नेहा, उमेश, मानसू, मुस्कान, देवेंद्र, लकेश्वरी, ज्योति, शैलेन्द्र, राजनंदनी, मयंक, मुस्कान, माही, किरण, योगेश्वरी, सोनिया, सुमन, प्रियांशु, दुर्गेश, प्रेम कश्यप, धनंजय, सुशांत, मोहित, आकाश, शिवानी, राधिका, हरेश्वरी, लीलम, लक्ष्मीन सहित अन्य उपस्थित रहे।

## उपार्जन केंद्र में अनियमितता, 60 क्विंटल धान जब्त



उपार्जन केन्द्र का निरीक्षण करते अधिकारी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ मुंगेली

पंजीकृत किसानों के नाम पर कोचियों–बिचौलियों द्वारा अवैध धान के विक्रय को रोकने कलेक्टर कुन्दन कुमार ने सख्त निगरानी के निर्देश दिए हैं। इसी क्रम में खाद्य व मंडी विभाग की उड़नदस्ता टीम ने धान उपार्जन केंद्र कंतेली का निरीक्षण किया। जांच के दौरान किसान अर्जुन सिंह के नाम पर जमा किए जा रहे धान में अनियमितता पाई गई। मौके पर उपस्थित व्यक्ति का समिति गेटपास में दर्ज फोटो से मिलान नहीं हुआ और न ही कंप्यूटर ऑपरेटर उसे पहचान सका। पूछताछ में स्पष्ट हुआ कि, कोई अज्ञात व्यक्ति किसान के टोकन के आधार पर धान बेचने केंद्र पहुंचा था। प्राप्त तथ्यों के आधार पर उड़नदस्ता टीम ने टोकन पर लाए गए 60 क्विंटल धान को जब्त कर उपार्जन केंद्र के खरीदी प्रभारी के सुपुर्द किया। जिला खाद्य अधिकारी हुलेश कुमार डड़सेना ने बताया कि, धान खरीदी में अनियमितता को गंभीर मानते हुए कलेक्टर ने संबंधित व्यक्ति के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने और प्रभारी एवं ऑपरेटरों को तत्काल प्रभाव से हटाने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि, धान खरीदी अवधि में अभियान लगातार जारी रहेगा और किसी भी प्रकार की गड़बड़ी पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

- केंद्र प्रभारी व ऑपरेटरों को हटाने के निर्देश





### जनपद सीईओ कौशिक ने ग्रहण किया पदभार

**मुंगेली।** जनपद पंचायत में सोमवार को जनपद सीईओ लक्ष्मीकांत कौशिक ने पुनः पदभार ग्रहण किया। पदभार ग्रहण करते ही विभिन्न जनप्रतिनिधियों ने उनका स्वागत किया। जनपद अध्यक्ष रामकमल सिंह परिहार ने जनपद सीईओ श्री कौशिक के पदभार ग्रहण करने से जनपद पंचायत के विकास कार्यों में तेजी आने की बात कही। इस अवसर पर जनपद सदस्य राणा, मानस सिंह बैस, विधायक प्रतिनिधि मानसिंह मोहले सहित अन्य उपस्थित थे। पदभार ग्रहण के दौरान जनप्रतिनिधियों ने नए सीईओ से क्षेत्रीय विकास कार्यों की प्रगति, पारदर्शिता और गति बढ़ाने की अपेक्षा व्यक्त की। सीईओ कौशिक ने कहा कि, जनपद क्षेत्र में सभी योजनाओं को समयबद्ध रूप से पूरा करने तथा जनहित को सर्वोच्च प्राथमिकता देने का प्रयास रहेगा।

### गिरते तापमान व शीत लहर ने बढ़ाई लोगों की मुसीबत

**मुंगेली।** पिछले कुछ दिनों से बढ़ी ठंड ने कंपकपी बढ़ा दी है। दिन व रात में ठंडी हवाएं चल रही हैं। सुबह सूर्य निकलने के साथ ही लोग दैनिक कामकाज शुरू कर रहें हैं। दिन में लोग में धूप का सहरारा ले रहे हैं एवं शाम होते ही ठंड से बचने लोग गर्म कपड़ो में लिपटे नजर आ रहे हैं। आमतौर पर दिसंबर महीने के तीसरे सप्ताह से ही ठंड जोर पकड़ती है, लेकिन इस बार पहले सप्ताह में ही ठंड ने अपना रौद्र रूप दिखाना शुरू कर दिया है। रात 9:30 बजे के बाद नगर की सड़कों पर सन्नाटा पसर रहा है, इक्का–दुक्का लोग ही सड़कों पर नजर आतें हैं। लोग ठंड से बचने का जतन करने में लगे हैं एवं गर्म कपड़ो में लिपटें



सुरक्षित होकर लोग बाहर निकल रहें हैं। ठंड से बचने के लिए ऊनी कपड़ों कें साथ ही अलाव का भी सहारा लिया जा रहा है। कई स्थानों पर अलाव का नजारा इन दिनों आम हो गया हैं। ठंड के कारण सड़कों पर मार्निंग वाक करने वालों की कमी नजर आ रही है। पड़ाव चौक, बालानी चौक, गोलबाजार, पुराना बस स्टैंड, दाउपारा, नया बस स्टैण्ड में लोग अलाव जलाकर आग सेकने में लगे रहते हैं। ठंड के चलते इंसान के साथ ही साथ जानवर भी आग को देखकर आग सेकने के लिए अलाव के पास खड़े हो जाते है। लोगों की दिनचर्या अस्त-व्यस्त हो जाती है। गर्म वस्त्रें की कमी से सबसे ज्यादा ठंड की मार गरीबी से त्रस्त लोगों को झेलने पड़ रही है। दिसंम्बर का दूसरा सप्ताह बीतने जा रहा है, तेज हवाओं के साथ शीत लहर का प्रकोप विगत कुछ दिनों से नगर में देखा जा रहा है।

## मुख्यमंत्री साय के आगमन को लेकर अधिकारियों को सौंपी गई जिम्मेदारी

**मुंगेली।** गुरूघासीदास जयंती के अवसर पर 18 दिसंबर को सेतगंगा एवं लालपुर में मुख्यमंत्री के आगमन कार्यक्रम को लेकर कलेक्टर कुन्दन कुमार एवं पुलिस अधीक्षक भोजराम पटेल ने कलेक्टोरेट स्थित मनियारी सभाकक्ष में बैठक लेकर अधिकारियों को विभिन्न जिम्मेदारी सौंपी।



कलेक्टर ने मुख्यमंत्री के संभावित आगमन को देखते हुए कार्यक्रम में सुरक्षा व्यवस्था, पंडाल, बैठक व्यवस्था, बेरिकेटिंग, पार्किंग, कारकोड, साफ–सफाई, कानून व्यवस्था, स्वास्थ्य सुविधा, आकर्षक लाइटिंग व विद्युत, पेयजल, सुरक्षा व्यवस्था, चिकित्सा, यातायात रूटचार्ट, फायर ब्रिगेड आदि के लिए संबंधित अधिकारियों को जिम्मेदारी दी और उसे गंभीरतापूर्वक करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने कहा कि सेतगंगा, मोतिमपुर अमरटापू धाम एवं लालपुर थाना में गुरूघासीदास की जयंती के अवसर पर 18 दिसम्बर को मेले का आयोजन किया जाता है। इस दिन बड़ी संख्या में लोग एकत्रित होते हैं। इस दौरान वहां सभी आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित होनी चाहिए, ताकि कार्यक्रम में पहुंचने वाले लोगों को किसी भी प्रकार असुविधा ना हो। बैठक में एडीएम निष्ठा पांडेय तिवारी, जिला पंचायत सीईओं प्रभाकर पाण्डेय सहित संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

### जेएमपी कालेज में चलाया गया हस्ताक्षर अभियान





**तखतपुर।** जेएमपी कालेज सहित अन्य शैक्षणिक संस्थान में 'एक राष्ट्र एक चुनाव' के तहत हस्ताक्षर अभियान चलाया गया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देश में 'एक राष्ट्र एक चुनाव' को लेकर लोगों को जागृत करने हस्ताक्षर अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में तखतपुर के जेएमपी कॉलेज व आदर्श कंप्यूटर इंस्ट्यूट में हस्ताक्षर अभियान चलाया गया, जिसमें कालेज के सभी विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़ कर एक चुनाव पर सहमति देते हुए हस्ताक्षर किया। 'एक राष्ट्र एक चुनाव' तखतपुर प्रभारी आयुष सिंह ठाकुर ने कहा कि, एक राष्ट्र एक चुनाव होने से चुनाव कराने होने वाले खर्च में बचत होगी, साथ ही बार-बार चुनाव में शिक्षकों की ड्यूटी लगने के कारण प्रभावित होने वाली शिक्षा व्यवस्था भी सही रहेगी। इस अवसर पर छात्र नेता आयुष सिंह ठाकुर, राहुल ठाकुर, आदर्श सोनी, सुभाष अग्रवाल, शुभम क्षत्रिय, पंकज साहू व सोमू सहित अन्य उपस्थित रहे।

## जनसमस्याओं के त्वरित निवारण हेतु सुशासन सप्ताह

**मुंगेली।** प्रशासनिक सुधार एवं लोक शिकायत विभाग, भारत सरकार के मार्गदर्शन में 'प्रशासन गांव की ओर' थीम पर 19 से 25 दिसंबर तक सुशासन सप्ताह का आयोजन किया जाएगा। इस विशेष अभियान का उद्देश्य विभिन्न विभागों की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करते हुए गांवों में शिविरों के माध्यम से शासन की योजनाओं का त्वरित लाभ, जरूरी प्रमाण–पत्रों की सुविधा, तथा जन शिकायतों का निवारण करना है।

- जिले में 15 शिविर लगाकर लोगों को किया जाएगा लाभान्वित

कलेक्टर कुन्दन कुमार ने मनियारी सभाकक्ष में आयोजित बैठक के दौरान सभी संबंधित अधिकारियों को सुशासन सप्ताह के सफल आयोजन हेतु आवश्यक दिशा–निर्देश दिए। उन्होंने विभिन्न योजनाओं के गैप चिन्हांकन, प्राथमिकता वाले हितग्राहियों को योजनाओं से संतृप्त करने और प्रत्येक शिविर में जनहित सेवाओं को प्रभावी रूप से उपलब्ध कराने पर विशेष जोर दिया। कलेक्टर ने शिविर सूची में एटीआर के वनांचल गांवों को शामिल नहीं करने पर नाराजगी जताते हुए लोरमी जनपद सीईओ को नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि, शिविरों में गांव के गरीब, किसान एवं आमजन को आय, जाति, निवास, जन्म-मृत्यु पंजीयन, सामाजिक सुरक्षा योजनाओं, राजस्व प्रकरणों तथा अन्य सभी अनिवार्य सेवाओं का लाभ स्थल पर ही उपलब्ध कराया जाएगा। इससे शासन के सुशासन के संकल्प को जमीनी स्तर पर प्रभावी रूप से उतारा जा सकेगा। पंचायत विभाग के उपसंचालक घोषले ने बताया कि, जिले के तीनों विकासखंडों में करीब 15 शिविर आयोजित किए जाएंगे। बैठक में एडीएम निष्ठा पांडे तिवारी, जिपं सीईओ प्रभाकर पांडेय सहित अनुविभागीय अधिकारी तथा अन्य विभागों के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

### वित्त आयोग की राशि नहीं मिलने से पंचायतों में विकास ठप

# मूलभूत सुविधाओं के अभाव में ग्रामीणों में आक्रोश

हरिभूमि न्यूज ⏭ पथरिया

पथरिया विखं की अधिकांश ग्राम पंचायतों में मूलभूत सुविधाओं के अभाव को लेकर ग्रामीण काफी आक्रोशित नजर आ रहे हैं। राज्य में पंचायत चुनाव संपन्न होने के बाद अब तक ब्लॉक मुख्यालय की 96 ग्राम पंचायतों को 15वें एवं 16वें वित्त आयोग की राशि नहीं मिलने से ग्रामीण क्षेत्रों में विकास कार्य पूरी तरह ठप पड़ गया है। राशि नहीं होने से गांवों में बुनियादी सुविधाओं के लिए ग्रामीण तरस रहे हैं।

ग्रामीण राशि नहीं आने के तकनीकी कारणों से अंजान हैं, इस कारण वे निर्वाचित सरपंचों पर सवाल उठा रहे हैं। नागराजगी जाहिर करते हुए लोग सरपंचों की कार्यप्रणाली पर सवाल उठा रहे हैं। सरपंचों का कहना है कि, इस स्थिति ने उन्हें केवल नाममात्र का सरपंच बना कर रख दिया है। गांवों की समस्याओं का समाधान करने के लिए उनके पास आवश्यक फंड नहीं है, जिससे सारे विकास कार्य रूक गए हैं।





ब्लॉक के सरपंचों ने बताया कि, गांव मे राजस्व प्राप्ति बहुत कम होता है, उतने से गावों में स्वच्छता, पेयजल, एवं प्रकाश की समुचिक व्यवस्था नहीं हो पाती। राज्य एवं केंद्र द्वारा दी जाने वाली अनुदान राशि से गांव में विकास कार्य किया जाता है। यही कारण है कि वित्त आयोग की राशि पर पंचायतें निर्भर हैं।

### जनप्रतिनिधि बेबस

क्षेत्र के नवनिर्वाचित सरपंच एवं पंचायत पदाधिकारी चाह कर भी गांव का विकास कार्य नहीं कर पा रहे हैं। वे जब से सरपंच चुने गए हैं, तब से अब तक एक बार भी 15वें वित्त की राशि नहीं मिली है। ग्राम पंचायतों के गांव में नाली निर्माण, कचरा सफाई, स्ट्रीट लाइट जैसे छोटे-बड़े मरम्मत कार्य, पेयजल व मूलभूत सुविधा उपलब्ध कराने के लिए ग्राम पंचायतों के पास फंड नहीं है।

### कर्ज मे डूबी पंचायतें

क्षेत्र के सरपंचो ने बताया कि, गर्मी एंव बरसात के दिनों मे गांवो में पेयजल की व्यस्था करने के लिए व्यापारियों से लिए गए सामन की राशि का अब तक भुगतान नहीं हो पाया है। पंचायत को राशि नहीं मिलने के कारण पंचायत कर्जा मे डूबती जा रही है।

### नहीं मिली राशि

उच्च स्तर से अभी वित्त की राशि प्राप्त नहीं हुई है। राशि का आबंटन होने पर सीधे ग्राम पंचायतों के खाते में डाल दी जाती है।

-**प्रदीप प्रधान**, जनपद सीईओ पथरिया

## 'साथी हाथ बढ़ाना' संस्था ने बच्चों को वितरित किया स्वेटर



**लोरमी।** शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला रहंगी में 'साथी हाथ बढ़ाना' समाजसेवी संस्था की ओर से प्राथमिक विद्यालय के 140 छात्र-छात्राओं को ठंड से बचने स्वेटर का वितरण किया गया। इस मौके पर संस्था के प्रमुख सदस्य खुशबू आदित्य वैष्णव, मंटी जायसवाल, नेहा जायसवाल उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि खुशबू आदित्य वैष्णव ने 'साथी हाथ बढ़ाना' टीम के उद्देश्यों पर चर्चा करते हुए बच्चों को अच्छे मन से पढ़ाई करने हेतु प्रेरित किया। साथ ही कमजोर आर्थिक स्थिति वाले बच्चों को उच्च शिक्षा हेतु हर संभव मदद देने की बात कही। साथ ही टीम के सदस्य बंटी जायसवाल और नेहा जायसवाल ने भी संस्था के मुख्य उद्देश्यों की जानकारी दी। सरपंच सुखमनी भगवान सिंह पोर्ते ने इस नेक कार्य के लिए संस्था के सभी सदस्यों का विद्यालय परिवार की ओर से आभार प्रकट किया। कार्यक्रम का संचालन शिक्षक अभिजीत तिवारी ने किया। इस अवसर पर रहंगी सरपंच सुखमनी भगवान सिंह पोर्ते, उप सरपंच संध्या भोलाराम साहू, शाला प्रबंधन समिति अध्यक्ष भागवत पात्रे, तितरू राम साहू, प्रधान पाठक झूमुक राजपूत, अविदा परवीन, सुनीता टांडिया, शिक्षक, स्वससहायता समूह के सदस्य स्वाति तिवारी, सावित्री साहू, गुलाबा यादव, सरोजनी साहू, सफाई कर्मचारी गेन्दलाल बुनकर सहित छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप

### 18 दिसंबर को ड्राई डे घोषित

**मुंगेली।** कलेक्टर कुन्दन कुमार ने आदेश जारी कर गुरूघासीदास जयंती 18 दिसंबर को शुष्क दिवस घोषित किया है। उन्होंने 18 दिसंबर को जिले के समस्त देशी मदिरा की दुकानों सहित बार को बंद रखने एवं जिले में मदिरा का आयात-निर्यात व परिवहन पूर्णतः निषिद्ध किए जाने हेतु आदेश जारी किया है। कलेक्टर ने उपरोक्त आदेश का पालन कड़ाई से करने के निर्देश दिए हैं।

### सट्टा खिलाते आरोपी गिरफ्तार, जेल दाखिल

**लोरमी।** चिल्फी थाना क्षेत्र के ग्राम बोड़तरा में अंकों पर दांव लगवाते एवं सट्टापट्टी लिखते आरोपी संदीप उर्फ पंकज यादव को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। एसपी भोजराम पटेल के निर्देश पर जिले में जुए-सट्टे के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में 10 दिसंबर बुधवार को मुखबिर की सूचना पर चिल्फी पुलिस एवं साइबर सेल की टीम ने ग्राम बोड़तरा नहर पुल के पास लोगों को अंकों पर सट्टा खिलाते एवं हिसाब लिखते आरोपी संदीप उर्फ पंकज यादव पिता अयोध्या उम्र 25 वर्ष निवासी हरदी को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से सट्टापट्टी सहित 1 हजार 960 रुपए नकद, 1 पेन, 1 मोबाइल कीमती 4 हजार सहित कुल 5 हजार 960 रुपए का सामान जब्त कर लिया।

## निधन

### चंद्रभागा निर्मलकर



**बिलासपुर।** कतियापारा निवासी चंद्रभागा निर्मलकर का 12 दिसंबर को निधन हो गया। वे 90 वर्ष की थीं। उनका अंतिम संस्कार मधुबन मुक्तिधाम में किया गया। वे अर्जुन, संतोष, नकुल निर्मलकर की माता एवं किशन निर्मलकर की दादी थीं।

### मोहन सिंह ठाकुर



**तखतपुर।** टोनहीडबरी निवासी मोहन सिंह ठाकुर की 60 वर्ष की आयु में 12 दिसम्बर को निधन हो गया। इनका अंतिम संस्कार स्थानीय मुक्तिधाम में किया गया। वे नरबद सिंह, धरम सिंह, योगेंद्र सिंह के पिता थे।

### दोस्त के साथ जा रहे युवक की बाइक ट्रक से टकराई, दोनों मृत

# सड़क हादसों में महिला समेत 3 की मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ तखतपुर







सड़क दुर्घटना में मां की मृत्यु की सूचना देने दोस्त के साथ घर जा रहे बेटे का दुपहिया वाहन अंधेरे में खड़े ट्रक से जा टकराया, जिसमें सवार दोनों युवकों की मौत हो गई। इस दर्दनाक घटना के बाद गांव में मातम छा गया। एक साथ तीन की मौत से पूरे गांव में शोक की लहर है।

थाना प्रभारी विवेक पांडेय ने बताया कि, थाना क्षेत्र के ग्राम अरईबंद निवासी इंद्रा बाई बंजारे अपने पति सुखचैन के साथ शाम 4 बजे इलाज के लिए पास के गांव मोछ जा रही थी। रास्ते में अचानक गड्ढा पड़ने के कारण दुपहिया अनियंत्रित हो गई और इंद्राबाई बंजारे नीचे गिर कर गंभीर रूप से घायल हो गईं। आनन-फानन में उन्हें इलाज के लिए तखतपुर स्वास्थ्य केंद्र लाया गया, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। मां की मौत की सूचना मिलते ही संत कुमार बंजारे उम्र 30 अपने मित्र जितेंद्र बंजारे 28 वर्ष के साथ अपनी बाइक से स्वास्थ्य केंद्र पहुंचा, जहां मां को मृत देखकर काफी देर तक रोता बिलखता रहा। डॉक्टर के कहने पर पुलिस को दुर्घटना की जानकारी देने संत कुमार बंजारे अपने मित्र जितेंद्र बंजारे के साथ तखतपुर थाने गया। लगभग 8 बजे थाने में प्रांरभिक शिकायत दर्ज कराने के बाद दोनों घटना की जानकारी देने अपने घर अरईबंद जा रहे था। रास्ते में भारमल पेट्रोल पंप खपरी के पास खड़े ट्रक एमपी 20 जीए 8498 को अंधेरा होने के कारण संत कुमार बंजारे देख नहीं पाया, और बाइक सहित सीधे ट्रक से जा टकराया। हादसा इतना भीषण था कि, बाइक सवार संत कुमार बंजारे एवं जितेंद्र बंजारे की मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस ने दोनों के शव को पोस्टमार्टम के लिए बिलासपुर सिम्स भेजवाया।

### पिता को नहीं दी गई बेटे की मृत्यु की खबर

मां की सड़क दुर्घटना में मृत्यु की सूचना देने घर वापस जा रहे संत कुमार बंजारे की रात में ही सड़क दुर्घटना में मृत्यु हो गई है, इसकी जानकारी पिता सुखचैन को तब तक नहीं दी गई, जब तक उनके बेटे संत कुमार का शव पोस्टमार्टम के बाद ग्राम अरईबंद वापस नहीं पहुंचा। ग्रामीणों को इस बात का भय था कि, पत्नि इंद्राबाई की मृत्यु से रोते बिलखते सुखचैन को जब उसके जवान बेटे की भी मृत्यु का समाचार मिलेगा तो उसकी हालत और खराब हो जाएगी। बेटे की मृत्यु का समाचार पिता से लगभग 18 घंटे तक छुपाकर रखा गया था।

### 3 किमी पहले दुर्घटना इंतजार कर रही थी

ग्राम अरईबंद में तीन लोगों की मृत्यु की खबर से पूरे क्षेत्र में मातम पसर गया। जिस ट्रक से दुर्घटना हुई, वह ट्रक आधे घंटे पहले ही खराब हुआ था, और बनकर तैयार भी हो गया था और कुछ मिनटों में ट्रक का चालक ट्रक को आगे ले जाने वाला था। ट्रक चालक ने बताया कि, जैसे ही वह ट्रक में चढ़ने के लिए तैयार हुआ पीछे से आवाज आई, उसने उतरकर देखा तो दो युवक ट्रक से टकरा गए थे, जिनकी मौके पर ही मृत्यु हो गई। घटनास्थल अरईबंद से सिर्फ 3 किलोमीटर दूर था पर मौत यहां पर दो लोगों का इंतजार कर ही थी।

### खुशियां मातम में बदली

ग्राम अरईबंद में तीन लोगों की जो मृत्यु हुई है जिसमें इंद्रा बाई के दो पुत्र है जिसमें एक संत कुमार बंजारे की सड़क दुर्घटना में मृत्यु हो गई। संत कुमार बंजारे की दो संतान एक बेटी और एक बेटा है। वहीं जितेंद्र बंजारे की तीन संतान एक लड़का और दो लड़की है। मृत्यु से पूरे परिवार में शोक है। तीनों परिवार में एक महिला मुखिया और दो पुरूष मुखिया का निधन से शोक व्याप्त है। परिवार में 18 दिसम्बर गुरूघासी दास जयंती के लिए दो दिन पहले ही खरीदी की थी। सारी खुशियां मातम में बदल गई।

## खंडस्तरीय सांसद खेल महोत्सव में शामिल हुए धरमलाल



**बोदरी।** जपं बिल्हा अंतर्गत सांसद खेल महोत्सव 2025 के तहत खंड स्तरीय खेल प्रतियोगिता का आयोजन गुरुवार 11 दिसम्बर को पीएमश्री सेजेस स्कूल चकरभाठा में किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में बिल्हा विधायक धरमलाल कौशिक उपस्थित रहे।

सांसद खेल महोत्सव के तहत बोरा दौड़, नींबू दौड़, 400 मीटर दौड़, कबड्डी, रस्साकसी, फुटबॉल, वॉलीबॉल एवं तीरंदाजी आदि खेलों का आयोजन किया गया। खंड स्तरीय प्रतियोगिताओं में 350 से अधिक प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। विभिन्न प्रतियोगिताओं में त्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विजेताओं को विधायक ने ट्रॉफी एवं मेडल प्रदान कर सम्मानित किया। कार्यक्रम में विशेष रूप से जिपं अध्यक्ष राजेश सूर्यवंशी, जनपद पंचायत अध्यक्ष डॉ रामकुमार कौशिक, उपाध्यक्ष विक्रम सिंह, शिमला वर्मा उपाध्यक्ष नपा बोदरी, अनीता राजेन्द्र शुक्ला जिपं सदस्य, सोमेश तिवारी महामंत्री, इन्द्रजीत सिंह क्षत्री मंडल अध्यक्ष, लव श्रीवास, मंडल अध्यक्ष, दिनेश पांडे वरिष्ठ कार्यकर्ता, मनोज पांडेय सरपंच चकरभाठा, मनीष शर्मा सरपंच धमनी, तहसीलदार बोदरी, सीएमओ, सहायक खंड शिक्षा अधिकारी, विद्यालय के प्राचार्य सहित अन्य अधिकारी-कर्मचारी, छात्र एवं बड़ी संख्या में खिलाड़ी व नागरिक उपस्थित रहे।

## 24 दिनों में संतोष ने साइकल से नापा भारत, बनाया वर्ल्ड रिकार्ड



**लोरमी।** नगर के युवा साइकिलिस्ट पेशे शिक्षक संतोष गुप्ता लंबी दूरी के अल्ट्रा साइकिलिंग देश के सबसे चुनौतीपूर्ण एकल अभियानों में से महज 24 दिनों में भारत को सायकल से नाप दिया। इस दौरान उन्होंने 6 हजार से अधिक विभिन्न महानगरों की सायकल से यात्रा की। ऐसा करके उन्होंने गिजिन बुक ऑफ वल्ड रिकार्ड में अपना नाम दर्ज करा लिया है। उन्होंने अपना ही रिकॉर्ड को तोड़कर नया वल्ड रिकॉर्ड बनाया है। लोरमी के साधारण ग्रामीण परिवेश से आने वाले संतोष गुप्ता वर्तमान में मुंगेली जिले के शासकीय विद्यालय सल्फा में प्राथमिक शिक्षक के रूप में कार्यरत हैं। साइकिलिंग के प्रति उनका जुनून उन्हें कई कठिन यात्राओं पर ले जा चुका है, जिनमें कश्मीर से कन्याकुमारी 4 हजार किमी, बिलासपुर से नेपाल जाना व वापसी, लेह-लद्दाख साइकिलिंग सहित छत्तीसगढ़ के सभी 33 जिलों का साइकिलिंग अभियान शामिल है। वर्तमान में संतोष देश के गोल्डन क्वाड्रिलेट मार्ग पर एक विशाल अभियान पर हैं। नई दिल्ली से शुरू हुई यह यात्रा कोलकाता, चेन्नई, मुंबई होते हुए पुनः नई दिल्ली पहुंचेगी। वे 24 नवम्बर को इंडिया गेट पर इस 6 हजार किमी की दूरी को मात्र 24 दिनों में पूरा करने वाले हैं। शुरुआत भी इसी स्थान से की गई थी। इस अभियान का सबसे प्रेरक और उल्लेखनीय पहलू यह है कि, संतोष यह पूरी यात्रा एक सामान्य सिंगल-गियर पुरानी शैली की साइकिल पर कर रहे हैं।

## 600 परिवारों को विधायक ने प्रदान किए कंबल

हरिभूमि न्यूज ⏭ सकरी

तखतपुर विधायक धर्मजीत सिंह ने आदिवासी बाहुल्य ग्राम विंध्यासार एवं बिनौरी में 600 परिवार को कंबल का वितरण किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि नर सेवा ही नारायण सेवा है।

उन्होंने सरपंच की मांग पर गोंडवाना भवन के लिए 10 लाख रूपए एवं दो गलियों में सीसी रोड निर्माण के लिए 6 लाख देने की घोषणा की। साथ ही सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुती देने वाली बालिका की टीम को 3 हजार नकद पुरस्कार प्रदान किया गया। कार्यक्रम को भाजपा जिला उपाध्यक्ष संतोष कौशिक गुरुजी, जनपद अध्यक्ष माधवी वस्त्रकार, उपाध्यक्ष राकेश तिवारी, जिपं सभापति अंबिका विनोद साहू, भाजपा जिला उपाध्यक्ष अश्वनी शर्मा, भाजपा नेता विशाल विक्की सिंह, मंडल अध्यक्ष रामकुमार निर्मलकर, कृष्ण कुमार साहू, दिनेश राजपूत, जनपद सदस्य द्वय मनहरण कौशिक, जया जलेश्वर साहू, सरपंच विंध्यासार सावित्री बलराम बिंझवार, सरपंच बिनौरी कविता मरावी, रामचरण वस्त्रकार, पूर्व पार्षद द्वय ईश्वर देवांगन, गुलजीत खुराना ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम का संचालन तखतपुर मंडल अध्यक्ष नैनलाल साहू एवं आभार प्रदर्शन मंडल महामंत्री अश्वनी साहू ने किया। इस अवसर पर मंडल महामंत्री शैलेन्द्र कौशिक, बलराम पटेल, प्रमोद ठाकुर, सरपंच मनोज तिवारी, प्रवीण कौशिक, मुंजन साहू, नेहा भूपेंद्र साहू, रामचंद्र बिंझवार, दिनेश कुमार बिंझवार, संजय वस्त्रकार, शकुंतला बिंझवार, ममता यादव, चंद्रकली वस्त्रकार, संगीता महरा, दुर्गा साहू सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।



जरूरतमंदों को कंबल का वितरण करते विधायक धर्मजीत सिंह।

## जमीन विवाद को लेकर 2 पक्षों में खूनी संघर्ष, 1 की मौत, 4 घायल

हरिभूमि न्यूज ⏭ मुंगेली



खेत में धान काटने के नाम से छिड़े विवाद में दो पक्षों के बीच खूनी संघर्ष हो गया। दोनों पक्षों ने एक–दूसरे पर जमकर लाठी और टंगिया से प्रहार किया, जिसमें एक व्यक्ति की मौत हो गई है एवं कई लोग घायल हुए।

कोतवाली टीआई कार्तिकेश्व जांगड़े ने बताया कि ग्राम नेवासपुर में पिछले कुछ वर्षों से दो पक्षों में जमीन को लेकर विवाद चल रहा था। 11 दिसम्बर को खेत में धान काटने के नाम से झम्मन सप्रे एवं सोनकर परिवार के बीच विवाद हो गया। विवाद के चलते हुए दोनों पक्षों के बीच हुए खूनी संघर्ष में कुल्हाड़ी, लाठी, डंडे का जमकर प्रयोग हुआ, जिससे सोनकर परिवार के बुजुर्ग जनक सोनकर, प्रफुल्ल सोनकर, रोहित, निखिल एवं पूर्णिमा को गंभीर चोटें आईं। घायलों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां जनक सोनकर की मौत हो गई। पुलिस प्रफुल्ल सोनकर की रिपोर्ट पर धारा 296, 115–2, 351–3, 3–5 एवं धारा 103 (01) के तहत जुर्म दर्ज कर घटना में शामिल 4 आरोपियों में से 3 को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है।

सुशासन के 2 साल, छत्तीसगढ़ हुआ खुशहाल




छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में राज्य सरकार ने आज अपने 2 साल पूरे कर लिए। इस अवसर पर पूरे प्रदेश में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए और सरकार की उपलब्धियों को जनता के सामने रखा गया। बीते दो वर्षों में सरकार ने विकास, जनकल्याण और सुशासन को प्राथमिकता देते हुए कई महत्वपूर्ण कदम उठाए। ग्रामीण क्षेत्रों में सड़क, बिजली और पानी से जुड़े कार्यों में तेजी आई है। वहीं युवा, किसान और महिला सशक्तिकरण के लिए नई योजनाओं की शुरुआत की गई है।
मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने कहा कि उनकी सरकार "सबका साथ, सबका विकास और सबका विश्वास " के मंत्र पर काम कर रही है और आने वाले समय में भी छत्तीसगढ़ को प्रगति के नए आयामों तक पहुंचाया जाएगा। राज्यभर में इस दो साल की उपलब्धियों को लेकर सकारात्मक माहौल दिखा और जनता ने सरकार से आगे भी इसी गति से विकास कार्य जारी रखने की उम्मीद जताई।















## खबर संक्षेप

### रविन्द्र होंगे तारबाहर थाने के टीआई

**बिलासपुर।** एसएसपी रजनेश सिंह ने जिले के 5 पुलिसकर्मियों का तबादला कर दिया है। रविन्द्र कुमार अनंत को तारबाहर थाने की जिम्मेदारी दी गई है। आदेश के अनुसार तारबाहर थाने के निरीक्षक कृष्ण चंद सिदार को नवीन पदस्थापना देते हुए अजाक थाना प्रभारी बनाया गया है। वहीं उनकी जगह अजाक के टीआई रविन्द्र कुमार को तारबाहर भेज दिया गया है। इसके साथ ही उपनिरीक्षक राम नरेश यादव को रक्षित केन्द्र , शीतल प्रसाद त्रिपाठी सिरगिट्टी और मेलाराम कठौतिया को तारबाहर में नवीन पदस्थापना दी गई है।

### चोरी के आरोपियों को हिर्री पुलिस ने धर दबोचा

**बिलासपुर।** ट्रेलर चालकों के द्वारा चोरी को अंजाम देते हुए टायर की



चोरी करने का मामला सामने आया है। रिपोर्ट दर्ज होने के 24 घंटे के बाद ही पुलिस ने आरोपियों को धरदबोचा है। उनके कब्जे से 2 लाख 80 हजार के टायर बरामद कर लिया गया है। मामले के अनुसार शिवमंदिर सरकंडा निवासी दुर्गा प्रसाद ट्रेलर के मालिक है। जिन्होंने हिर्री थाने में शिकायत दर्ज कराई थी। जिसमें बताया गया था कि ट्रेलर कमांक सीजी 10 बीएल 5084 जिसे चालक राजीव कुमार उर्फ आकाश यादव चलाता है, ट्रेलर कमांक सीजी 10 वीएल 5081 जिसे अरूण यादव चलाता है। दोनों ड्राइवरों भोजपुरी टोलप्लाजा कौशिक ढाचा के सामने वाहन को खड़े कर दिया है। ट्रेलर मालिक ने सुबह करीब 8 बजे जाकर देखा, ट्रेलर क्रमांक सीजी 10 बीएल 5084 से गाड़ी में लगा 3 नग टायर व डिस्क और ट्रेलर क्रमांक सीजी 10 बीएल 5081 से 5 नग जेके कंपनी का टायर व डिस्क गायब है। इस दौरान चालक भी फरार था। ट्रेलर मालिक ने हिर्री थाने में जुर्म दर्ज कराया है। पुलिस ने 24 घंटे में कार्रवाई करते हुए 2 लाख 80 हजार के टायर और डिस्क को बरामद कर लिया है। वहीं मामले में दोनों चालक को गिरफ्तार किया है। पुलिस की गिरफ्त में आए आरोपी अरूण कुमार यादव पिता शिवचरण यादव उम्र 32 साल साकिन गहुलियाटांड थाना कौवाकोल जिला राजीव उर्फ आकाश यादव पिता सुरेश यादव उम्र 30 साल साकिन बदाही थाना खैरा जिला जमुई बिहार के रहने वाले है। पुलिस ने दोनों आरोपी को जेल भेज दिया है।

### डीआरएम ने की सेमीनार की ओपनिंग

**बिलासपुर।** ऊर्जा संरक्षण सप्ताह के अवसर पर गुरुवार को मंडल सभागार में विद्युत सामान्य विभाग की ओर से ऊर्जा संरक्षण पर सेमिनार का आयोजन किया गया, जिसकी अध्यक्षता मंडल रेल प्रबंधक राजमल खोईवाल ने की। इस अवसर पर अपर मंडल रेल प्रबंधक जेएस मीना, के श्रीनिवास, वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता आरएस एंड जी केके भारद्वाज, सभी शाखा अधिकारी एवं विद्युत विभाग के पर्यवेक्षक एवं कर्मचारी शामिल हुए। डीआरएम राजमल खोईवाल ने कहा कि हम दैनिक जीवन में नियोजित तरीके से छोटे-छोटे माध्यम से विद्युत ऊर्जा बचा सकते हैं। कार्यालयों तथा घरों में आवश्यकतानुसार लाइट व पंखों का प्रयोग, कार्यालय छोड़ने के आधे घंटे पहले एसी बंद करने जैसे उपायों से ऊर्जा बच सकती है। इस दौरान बड़ी संख्या में रेलवे के अधिकारी व कर्मचारी मौजूद थे। सभी ने ऊर्जा संरक्षण कार्यक्रम की जमकर सराहना की और इसे लोगों के लिए उपयोगी बताया।

---

**अस्पताल में अव्यवस्था** | मामले को संज्ञान में लेने के बाद सुनी जा रही जनहित याचिका

# हाईकोर्ट ने हेल्थ सेक्रेटरी व सीजीएमएससी के मैनेजिंग डायरेक्टर को नए शपथ पत्र पेश करने दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

हाईकोर्ट ने जिला अस्पताल में अव्यवस्था को संज्ञान में लेने के बाद सुनी जा रही जनहित याचिका में आज राज्य सरकार के स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग के सेक्रेटरी और सीजीएमएससी के मैनेजिंग डायरेक्टर को अगली सुनवाई की तारीख तक बताए गए मुद्दों पर नए एफिडेविट फाइल करने का निर्देश दिया है।

आज की सुनवाई में कोर्ट ने स्वास्थ्य और परिवार कल्याण विभाग के सचिव को यह भी निर्देश दिया है कि वे इस कोर्ट को बताएं कि डॉक्टरों और मेडिकल स्टाफ को जारी किए गए कारण बताओ नोटिस के



बाद क्या कार्रवाई की गई है। कोर्ट ने 24 नवंबर 2025 को छपी न्यूज रिपोर्ट पर संज्ञान लिया था जो परिवार शेड पर जड़ा ताला, रात में जिला अस्पताल के मरीजों पर सोने की मजबूरी शीर्षक से प्रकाशित हुआ था। कोर्ट के आदेश के पालन में हेल्थ सेक्रेटरी ने 11 दिसंबर को अपना पर्सनल एफिडेविट फाइल किया। इसमें बताया गया कि बिलासपुर 200 बेड का हॉस्पिटल है। डिस्ट्रिक्ट हॉस्पिटल बिल्डिंग के अंदर हॉस्पिटल में भर्ती मरीजों के रिश्तेदारों के रहने के लिए एक हॉल बनाया गया है, जिसकी कैपेसिटी 25 की हैं। हॉल में सभी बेसिक सुविधाएं मौजूद हैं। इसके अलावा पुराने डिस्ट्रिक्ट हॉस्पिटल बिल्डिंग में मरीजों के रिश्तेदारों के लिए 40 लोगों की कैपेसिटी वाला एक हॉल है। इसके अलावा हॉस्पिटल में 13 प्राइवेट वार्ड हैं जिनमें मरीज के साथ एक अटेंडेंट रह सकता है। इनसे हॉस्पिटल में मरीजों के रिश्तेदारों और अटेंडेंट के रहने के लिए काफी सुविधा है।

### सीजीएमएससीएल भी संकल्पित

सीजीएमएससीएल ने भी कहा कि वह पूरे राज्य में सभी सरकारी हेल्थ इंस्टीट्यूशन को जरूरी डायग्नोस्टिक किट, रिएजेंट और कंज्यूमेबल की बिना रुकावट उपलब्धता पक्का करने के लिए संकल्पित है। कोर्ट ने कहा कि दिए गए एफिडेविट को देखने से पता चलता है कि रिएजेंट, कंट्रोल, कैलिब्रेटर और कंज्यूमेबल की खरीद से जुड़े नौ टेंडर में से दो टेंडर को बिडर्स को एल-1 घोषित करके फाइनल कर दिया गया है और ऊपर बताए गए दो टेंडर के लिए वर्क ऑर्डर जारी करने के लिए आगे की कार्रवाई शुरू कर दी गई है, बाकी सात टेंडर के लिए एफिडेविट में बताया गया है कि आगे की प्रोसेसिंग के लिए हेल्थ सर्विसेज डायरेक्टरेट के ऑफिस से प्रोप्राइटरी आर्टिकल सर्टिफिकेट का इंतजार है। सुनवाई के बाद चीफ जस्टिस रमेश सिन्हा की डिवीजन बेंच ने छत्तीसगढ़ सरकार के स्वास्थ्य और परिवार कल्याण विभाग के सेक्रेटरी एवं सीजीएमएससीएल के मैनेजिंग डायरेक्टर को अगली सुनवाई की तारीख तक ऊपर बताए गए मुद्दों के बारे में नए एफिडेविट फाइल करने का निर्देश दिया है। इस मामले को 11 फरवरी 2026 के लिए तय किया गया है।

---

## धर्मांतरण का विरोध, कलेक्टोरेट में प्रदर्शन



**बिलासपुर।** मसीही समाज के द्वारा दिसंबर महीने में लगातार धार्मिक, सामाजिक आयोजनों का दौर जारी रखने संबंधी कलेक्टर को सौंपे गए ज्ञापन के बाद हिंदू समुदाय के लोगों ने इसकी आड़ में धर्मांतरण जैसी गतिविधियों पर अंकुश लगाने की मांग की है। हिंदू समुदाय के लोगों ने शुक्रवार को बड़ी संख्या में कलेक्टोरेट पहुंचकर नारेबाजी की व कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा।

---


धान खरीदी के लगभग एक महीने पूरे, लेट वेरायटी वाले धान की अब शुरू होगी बिक्री

# 1.32 लाख किसानों का पंजीयन, अब तक केवल 32 हजार किसानों ने बेचा धान

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

समर्थन कीमतों पर धान बिक्री के लिए जिले में इस साल 1 लाख 32 हजार 373 किसानों ने पंजीयन कराया है, लेकिन आज दिनांक तक धान बेचने केवल 32 हजार 862 किसान ही उपार्जन केंद्रों तक पहुंच पाए हैं, जबकि धान खरीदी प्रारंभ हुए अब लगभग एक महीने हो चुके हैं। एक लाख किसानों के अब भी धान खरीदी से दूर रहने के पीछे लेट वेरायटी को मुख्य कारण माना जा रहा है।

प्रदेश में समर्थन मूल्य पर धान की खरीदी पंद्रह नवंबर से प्रारंभ की गई है, जिसके अब लगभग एक महीने पूरे होने को हैं। इस साल एग्रीस्टेक पोर्टल में 1 लाख 32 हजार 373 किसानों ने समर्थन मूल्य पर धान बेचने हेतु पंजीयन करवाया है, लेकिन धान बेचने उपार्जन केंद्र तक पहुंचने वालों की संख्या फिलहाल के लिए 32 हजार 862 तक ही पहुंच सकी है। धान बेचने वाले इन किसानों को अब तक 34 करोड़ 92 लाख 14 हजार 600 रूपए का भुगतान किया गया है। शुरूआती दौर में तीन महीने में पक जाने वाली महामाया जैसी अर्ली वेरायटी लेने वाले किसानों के ही धान बेचने केंद्रों तक पहुंचने की बात मानी जा रही थी। यही कारण है कि इतनी बड़ी संख्या में पंजीकृत होने व एक महीने खरीदी प्रारंभ होने के बाद भी करीब एक लाख किसान अब भी धान बेचने से अभी पीछे हैं।



### किसानों का टोकन का नहीं कटना बड़ी वजह

जिले में अभी टोकन जारी करने का अनुपात सत्तर व तीस का है। इसके अनुसार उपार्जन केंद्रों को धान खरीदी के लिए दी गई प्रतिदिन की लिमिट के अनुसार 70 प्रतिशत टोकन मोबाईल एप के जरिए काटे जाने हैं। इसी तरह केवल 30 प्रतिशत टोकन सहकारी समिति से जारी होने हैं। अनुपात में बड़ा अंतर होने के कारण बड़ी संख्या में किसान टोकन प्राप्त करने से वंचित रह जा रहे हैं। यही कारण है कि एक लाख से भी ज्यादा किसान अब तक धान बेचने के लिए नहीं पहुंच सके हैं।

### कटाई के दौरान बारिश बनी बाधा

किसानों का कहना है कि इस साल धान कटाई के दौरान ही लगातार कई दिनों तक बारिश हो गई। ऐसे में खेतों में पानी जमा हो गया, जिससे धान की कटाई लगभग पंद्रह दिनों तक के लिए आगे बढ़ानी पड़ी। इसके अलावा आमतौर पर हार्वेस्टर से धान की मिसाई करवाने वाले किसानों को इस साल खेत गीला होने के कारण हार्वेस्टर की सुविधा नहीं मिल सकी। हार्वेस्टर खेत में फंसने के डर से मालिकों ने मिसाई के लिए किसानों को मना कर दिया, जिससे कटाई का काम हाथ से और मिसाई का काम थ्रेशर से करवाना पड़ा। लिहाजा खरीदी केंद्रों तक धान पहुंचने में विलंब हो गया है।

### किराना दुकान से तीन लाख कीमती 239 बोरा धान जब्त

किराने की दुकान में अवैध तरीके से धान की खरीदी कर सहकारी समितियों में बेचने की फिराक में रखा गया 239 बोरा धान राजस्व एवं मंडी विभाग की टीम ने जब्त कर लिया है। टीम के द्वारा दो अलग अलग मामलों में दुकान संचालकों से जब्ती की कार्रवाई की गई है। सस्ती कीमतों पर किसानों से धान खरीदकर सहकारी समितियों के कर्मचारियों से मिलीभगत कर समर्थन मूल्य पर बेचने की फिराक में शुक्रवार को भी दो व्यवसायी निरीक्षण दल के द्वारा पकड़ लिए गए। नायब तहसीलदार बेलगहना समर्थ थवाईत, कोटा मंडी के उप निरीक्षक सीजी गोस्वामी एवं नीतिश नायक द्वारा टीम बनाकर ग्राम कोंचरा के यंग प्रोविजन स्टोर से 117 कट्टा, लगभग 46 क्विंटल 80 किलो एवं ग्राम मचगंवा के अरिहतं राईस मिल से 122 कट्टा (48 क्विंटल 80 किलो) अवैध धान की जब्ती की गई है। इन दोनों मामलों में मंडी अधिनियम के तहत कार्रवाई की जा रही है। जिला प्रशासन के निर्देशानुसार धान खरीदी की पूर्ण अवधि तक छापेमार कार्रवाई जारी रखी जाएगी।

---

**सिर पर चोट लगने से हुई मौत**

# घर के कमरे में मिली अधेड़ की संदिग्ध लाश

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

मोपका के अरपा विहार में अधेड़ व्यक्ति की लाश संदिग्ध हालत में घर के बेड पर मिली है। जिसके बाद इलाके में सनसनी फैल गई है। बताया जा रहा है कि अधेड़ नशे का आदी था और पत्नी को नशे में मारपीट कर भगा दिया था। इस दौरान घर दो मासूम बच्चे रह रहे थे। पत्नी के जाने के बाद नशे की हालत में वह दीवार पर अपना सिर मारता रहा और फिर बेहोश होकर सो गया। सुबह उसकी लाश मिली है। मामले में सरकंडा पुलिस ने मृग कायम कर जांच में जुट गई है।

- नशे में सिर पटकने के बाद हुआ बेहाश

सरकंडा थाना क्षेत्र के मोपका अरपा विहार में उस समय सनसनी फैल गई, जब एक घर के भीतर बेड पर अधेड़ व्यक्ति का लाश संदिग्ध स्थिति में मिली। मृतक का नाम शंभू साहू है, वह आदतन शराबी था। परिजनों और पड़ोसियों की सूचना पर सरकंडा पुलिस मौके पर पहुंची और प्रारंभिक जांच में मृतक के सिर में चोट के निशान पाए गए, जिससे उसकी मौत होने की आशंका जताई जा रही है। शुक्रवार को लाश कब्जे में लेकर पीएम कराया गया है। पुलिस पीएम रिपोर्ट का इंतजार कर रही है। घटना स्थल की परिस्थिति को देखते हुए पुलिस सभी पहलुओं पर जांच कर रही है। बताया जाता है कि शंभू साहू ने पहले अपनी पत्नी के साथ मारपीट कर उसे घर से भगा दिया। इसके बाद दुखी होकर दीवार पर सिर मारने लगा। इस दौरान घर पर दो बच्चे मौजूद थे। दोनों सहमें हुए घर के कोने में दुबके हुए थे। बेहोश होने के बाद शंभू बेड पर लेट गया। सुबह उसकी लाश मिली है।

### लगातार दूसरे दिन मिली लाश

खास बात यह गुरूवार को जहां 2 मौत से शहर में दहशत है वहीं एक बार फिर सरकंडा क्षेत्र के घर पर अधेड़ की लाश मिलने से इलाके के लोगों में दहशत का माहौल है। पुलिस पीएम के बाद घटना की असली वजह का खुलासा कर सकेगी।

### सिर पर खून के निशान मिले हैं

सुबह पुलिस को सूचना मिली थी, मौके पर पुलिस और फॉरेंसिक की टीम पहुंची। देखने पर मृतक के सिर पर ब्लड के निशान थे। जिससे उसकी मौत हो सकती है। प्रारंभिक जांच के बाद शव का पीएम कराया गया है। घर में मौजूद बच्चों से पूछताछ जारी है।

**-निमितेश सिंह**, सीएसपी

# स्कूटी सवार युवती पर सरेराह चाकू से हमला

**बिलासपुर।** चकरभाठा थाना क्षेत्र में दिनदहाड़े एक युवती पर चाकू से जानलेवा हमला होने का मामला सामने आया है। स्कूटी से नांदघाट जा रही युवती को दो अज्ञात बाइक सवारों ने हिर्री माइन्स के ओरो होटल के पास रोकने की कोशिश की। युवती द्वारा स्कूटी नहीं रोकने पर बदमाशों ने धारदार हथियार से हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत अपराध पंजीबद्ध कर उनकी तलाश शुरू कर दी है।

- पुलिस जांच में जुटी

मिली जानकारी के अनुसार, सरकंडा क्षेत्र की रहने वाली कपिल नगर निवासी अनामिका तिवारी, पेट्रोल पंप में आपरेटर के रूप में कार्यरत हैं, गुरुवार दोपहर लगभग 12.30 बजे अपनी स्कूटी क्रमांक सीजी 22टी2773 से नांदघाट (बेमेतरा) जा रही थी। दोपहर करीब 1.30 बजे ओरो होटल, हिर्री माइन्स के पास पहुँचीं, तभी बिलासपुर की ओर से आ रहे बाइक सवार दो अज्ञात लड़कों ने पास आकर अभद्र गालियां देते हुए उसे रोकने की कोशिश की। अनामिका ने स्कूटी की रफ्तार बढ़ाने पर बाइक के पीछे बैठे युवक ने हाथ में रखी नुकीली वस्तु से उन पर हमला कर दिया। इससे उनके दाहिने पैर की जांघ, बाएं हाथ की बाजू और सिर के पीछे गंभीर चोटें आईं तथा खून बहने लगा। घायल युवती के चिल्लाने पर आरोपी पेण्ड्रीडीह चौक की ओर भाग निकले।

घटना की जानकारी अनामिका ने तुरंत अपनी मां को फोन कर दी। इसके बाद वह अपने चचेरे भाई के साथ थाना चकरभाठा पहुँचीं और रिपोर्ट दर्ज कराई। पुलिस ने अज्ञात बदमाशों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। पुलिस टीम आसपास के सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रही है। फिलहाल पुलिस आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए जांच तेज कर दी है।

# अहमदाबाद एक्सप्रेस में फर्जी ई-टिकिट के साथ पकड़ा गया यात्री

**बिलासपुर।** अहमदाबाद एक्सप्रेस में टिकिट चेकिंग के दौरान एक यात्री को फर्जी ई-टिकिट के साथ सफर करते हुए पकड़ा गया है, जिसे यात्री ने स्टेशन में किसी दूसरे व्यक्ति से खरीदा था। यात्री के खिलाफ जुर्माने की कार्रवाई की गई है।

गाड़ी संख्या 12833 अहमदाबाद से नागपुर, रायपुर, बिलासपुर होकर हावड़ा जाने वाली अहमदाबाद एक्सप्रेस में टिकिट चेकिंग के दौरान गंभीर अनियमितता का मामला सामने आया। ड्यूटी कर रहे टीटीई इंद्रजीत ने दो यात्रियों को एक ही सीट पर दावा किए जाने की शिकायत पर जांच की तो मामला संदेहास्पद निकला। तत्काल सतर्कता बरतते हुए इंद्रजीत ने दोनों टिकिट को एचएचटी उपकरण से स्कैन कर सत्यापित किया, जिसमें एक टिकिट वास्तविक और दूसरा निष्क्रय पीएनआर के आधार परतैयार किया गया फर्जी ई-टिकिट निकला। पूछताछ में फर्जी ई-टिकिट रखने वाले यात्री ने बताया कि उसने नागपुर रेलवे स्टेशन पर एक अज्ञात व्यक्ति से टिकिट लिया था। जब यात्री ने टिकिट उपलब्ध कराने वाले व्यक्ति से संपर्क करने कोशिश की, तो उसने मामला समझते ही अपना मोबाइल बंद कर दिया। यह स्पष्ट संकेत है कि फ्लश्ड पीएनआर का उपयोग कर ई-टिकिट पीडीएफ को डिजिटल रूप से एडिट कर नकली टिकिट तैयार किया गया था। वरिष्ठ वाणिज्य प्रबंधक दिलीप सिंह ने इस प्रकरण की जानकारी लेने के साथ आवश्यक कार्रवाई करने जीआरपी और आरपीएफ को मामला सौंप दिया है। वहीं घटना की गंभीरता को देखते हुए सीनियर डीसीएम ने सभी टीटीई और वाणिज्य कर्मचारियों को विशेष सतर्कता बरतने निर्देश जारी किया है। सभी को ऑनलाइन टिकिट सत्यापन, पीएनआर की एचएचटी से अनिवार्य जांच और फर्जी टिकिट मामलों में शून्य सहिष्णुता नीति अपनाने का कड़ाई से पालन करने कहा है।

- यात्री के खिलाफ जुर्माने की कार्रवाई

# 25 दिन तक बिना कारण रद्द बिलासपुर-टाटा एक्सप्रेस

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

5 दिनों तक बिना किसी काम और कारण के बिलासपुर से टाटानगर के बीच चलने वाली एक्सप्रेस को रेल प्रशासन ने रद्द कर दिया है, जिसके कारण हजारों की संख्या में यात्रियों को परेशानी उठानी पड़ रही है।

बिलासपुर से टाटानगर और टाटानगर से बिलासपुर के बीच ट्रेन का परिचालन पहले पैसेंजर बनाकर किया जा रहा था, जिसका बिलासपुर से टाटा पहुंचने तक सभी छोटे-बड़े स्टेशनों में स्टापेंज हो रहा था। पैसेंजर ट्रेन से शून्य को हटाकर एक जोड़ने के बाद बिलासपुर-टाटानगर एक्सप्रेस बनाकर 18113/18114 को चलाना शुरु कर दिया गया। 18114 बिलासपुर से टाटानगर जाने वाली एक्सप्रेस का परिचालन स्टेशन से शाम 6.50 बजे किया जा रहा था, जो बिलासपुर से रवाना होने के बाद रायगढ़, राजनगर, झारसुगुड़ा, राउरकेला, चक्रधरपुर होते हुए दूसरे दिन सुबह 6 बजे टाटानगर पहुंचती है। वहीं शाम 7 बजे 18113 नम्बर के साथ टाटानगर से बिलासपुर के लिए रवाना होने के बाद दूसरे दिन सुबह 6 बजे बिलासपुर स्टेशन आने का समय है। इस ट्रेन में प्रतिदिन गतौरा, अकलतरा, कापन, जांजगीर-चांपा, रायगढ़ सहित ओडिशा की ओर जाने वाले यात्रियों की हजारों की संख्या में भीड़ रहती है। यह ट्रेन विशेषकर छोटे-छोटे स्टेशन तक सफर करने वालों के लिए काफी महत्वपूर्ण है। रेल प्रशासन ने शुक्रवार को अचानक कुछ तकनीकी कारणों की जानकारी देते हुए 18113/18114 टाटानगर से बिलासपुर और बिलासपुर सें टाटानगर के बीच चलने वाली एक्सप्रेस का संचालन 12 दिसम्बर शुक्रवार से लेकर 7 जनवरी तक बंद करने का आदेश जारी कर दिया है।



